श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 193, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 11 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिरा

## 2.12 घंटे बोले पीएम मोदी, 1 घंटा 52 मिनट बाद मणिपुर का जिक्र किया, वो भी विपक्ष के वॉकआउट करने के बाद

**नई दिल्लीः मोदी** सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों का लाया अविश्वास प्रस्ताव गुरुवार यानी 10 अगस्त को गिर गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंत में अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब दिया। मोदी ने 2 घंटे 12 मिनट का भाषण दिया, जिसमें वे मणिपुर पर 1 घंटे 52 मिनट बाद बोले। बड़ी बात ये कि जब प्रधानमंत्री ने मणिपुर पर बात शुरू की, उसके पहले ही विपक्ष सदन से वॉकआउट कर चुका था। पीएम ने ये भी कहा- यूपीए को लगता है कि देश के नाम का इस्तेमाल कर विश्वसनीयता बढ़ाई जा सकती है। ये इंडिया गठबंधन नहीं है। ये घमंडिया गठबंधन है। इसकी बारात में हर कोई दूल्हा बनना चाहता है। सबको प्रधानमंत्री बनना है।

यह सरकार का नहीं, विपक्ष का फ्लोर टेस्टः मैं भगवान का आशीर्वाद मानता हूं कि उन्होंने विपक्ष को सुझाया और वे इसका प्रस्ताव लेकर आए। 2018 में भी वे अविश्वास प्रस्ताव लाए थे। तब मैंने कहा था कि यह हमारी सरकार के लिए फ्लोर टेस्ट नहीं है। उन्हीं का फ्लोर टेस्ट है। हुआ भी वही। जब मतदान हुआ, तो विपक्ष के पास जितने वोट थे, उतने भी जमा नहीं कर पाए थे।

विपक्ष का अविश्वास हमारे लिए शुभ होता हैः इतना ही नहीं, जब हम सब जनता के पास गए तो जनता ने भी पूरी ताकत के साथ इनके लिए नो कॉन्फिडेंस घोषित कर दिया। चुनाव में एनडीए को कहीं ज्यादा सीटें मिलीं। एक तरह से विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव हमारे लिए शुभ होता है। एनडीए और बीजेपी 2024 के चुनाव में पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़कर जनता के आशीर्वाद से वापस आएगी।

आपके लिए राजनीति प्राथमिकताः विपक्ष के प्रस्ताव पर 3 दिनों से यहां काफी चर्चा हुई है। अच्छा होता कि सत्र की शुरूआत के बाद से ही विपक्ष गंभीरता के साथ सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेता। बीते दिनों इसी सदन ने और दोनों सदनों ने जनविश्वास बिल, मेडिकल बिल, डेंटल कमीशन बिल जैसे कई महत्वपूर्ण बिल यहां पारित किए। लेकिन आपके लिए राजनीति प्राथमिकता है। देश की जनता ने जिस काम के लिए उन्हें यहां भेजा, उस




जनता से भी विश्वासघात किया गया है। आप लोग तैयारी करके नहीं आएः आप जुटे तो अविश्वास प्रस्ताव पर जुटे। कट्टर भ्रष्ट साथी की सलाह पर मजबूर होकर जुटे। इस अविश्वास प्रस्ताव पर भी आपने कैसी चर्चा की। सोशल मीडिया पर आपके दरबारी भी बहुत दुखी हैं। मजा इस डिबेट का...फील्डिंग विपक्ष ने ऑर्गनाइज की, लेकिन चौके-छक्के यहीं से लगे। विपक्ष नो-कॉन्फिडेंस पर नो बॉल कर रहा है और इधर से सेंचुरी हो रही है। आप तैयारी करके क्यों नहीं आते जी।

देश के लिए यह समय बेहद अहमः हम सब ऐसे टाइम पीरियड में हैं, चाहे हम हों या आप... ये टाइम पीरियड बेहद अहम है। कालखंड जो गढ़ेगा, उसका प्रभाव इस देश पर आने वाले 1000 साल तक रहने वाला है। इस कालखंड में हम सबका दायित्व है, एक ही फोकस होना चाहिए कि देश का विकास, सपने पूरे करने का संकल्प, सिद्ध करने के लिए

### विपक्ष ने जनता का आत्मविश्वास तोड़ाः मोदी

विपक्ष ने जनता का आत्मविश्वास तोड़ाः मोदी हमने युवाओं को घोटालों से रहित सरकार दी है। दुनिया में भारत की बिगड़ी हुई साख को संभाला है। अभी भी कुछ लोग कोशिश में हैं कि साख को दाग लग गए। विश्व का विश्वास भारत में बढ़ता चला जा रहा है। इस दौरान हमारे विपक्ष ने क्या किया। इन्होंने अविश्वास प्रस्ताव की आड़ में जनता के आत्मविश्वास को तोड़ने की विफल कोशिश की है।

भारत की उपलब्धियों पर विपक्ष को अविश्वास पिछले 5 साल में 13 .5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। आईएमएफ लिखता है कि भारत ने अति गरीबी को करीब-करीब खत्म कर दिया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा है जल जीवन के जरिए 4 लाख लोगों की जान बच रही है।

# ध्रुवीकरण को कहना होगा क्विट इंडियाः अधीर रंजन

**नई दिल्ली। कांग्रेस** के नेता अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को कहा कि देश को सांप्रदायिकरण, ध्रुवीकरण और भगवाकरण को क्विट इंडिया कहना होगा। उन्होंने मणिपुर के मुद्दे पर सरकार को घेरने का प्रयास किया और कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री ने कल खुद ही कहा था कि मैतई और कुकी समुदाय के बीच बफर जोन बनाया गया है। कांग्रेस नेता ने अविश्वास प्रस्ताव के दौरान कहा कि विपक्ष को मजबूर होकर सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना



पड़ा है, क्योंकि प्रधानमंत्री सदन में आकर जवाब देने को राजी नहीं थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव नहीं जीत सकता। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी एक बार या सौ बार देश के प्रधानमंत्री बनें, हमें इससे कोई लेना-देना नहीं है।

# अविश्वास प्रस्ताव : अधीर पर भड़के सिंधिया

## 'देश की जनता ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया है, अब वे लोकसभा से भी बाहर जा रहे हैं

**नई दिल्लीः मणिपुर** हिंसा को लेकर विपक्ष द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ संसद में लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर पीएम मोदी ने जवाब दिया। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ज्योदितारित्य सिंधिया ने लोकसभा में बोलते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। वहीं, इस दौरान विपक्षी सांसदों के वॉकआउट के बाद सदन में उनके वापस आने पर भी उन्होंने तंज कसा। दरअसल, अविश्वास प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बोलते ही विपक्षी सांसदों ने लोकसभा से वॉकआउट कर दिया था। इस पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 'देश की जनता ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया है,




अब वे लोकसभा से भी बाहर जा रहे हैं। वहीं, बाद में विपक्षी सांसदों के वापस आने पर उन्होंने कहा कि देखिए वो आ गए। आइए आइए। इससे पहले, लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अधीर रंजन चौधरी पर उनके पीएम को लेकर दिए गए बयान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज मैं अपने एनडीए के गठबंधन और पीएम मोदी का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने बोलने का मौका दिया। प्रजातंत्र के मंदिर में हम ऐसा दृश्य देख रहे हैं, 140 करोड़ की जनता जिससे प्रेरणा लेती है...वहां से स्पष्ट है कि इन लोगों को देश की चिंता है, न प्रधानमंत्री के पद की चिंता है, न राष्ट्रपति के पद की चिंता है।

# मणिपुरः 'पीएम मोदी कोई ठोस कदम उठाएं'




**इंफालः मणिपुर** के विधायकों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उम्मीदें हैं कि राज्य में निशस्त्रीकरण बहाल करने के लिए प्रधानमंत्री कोई ठोस कदम उठाएंगे। उल्लेखनीय है कि कुल 40 विधायकों ने राज्य में पूर्ण निरस्त्रीकरण की मांग करते हुए प्रधान मंत्री मोदी को एक ज्ञापन सौंपा है। विधायकों ने कहा कि तत्काल सुरक्षा व्यवस्था के लिए बलों की साधारण तैनाती अपर्याप्त है। इसलिए राज्य में शांति बहाल करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूर्ण निरस्त्रीकरण ही एकमात्र उपाय है। परिधीय क्षेत्रों में हिंसा को रोकना अत्यावश्यक है। पूर्ण निरस्त्रीकरण के जरिए यह संभव है। शांति और सुरक्षा के माहौल को बढ़ावा देने के लिए पूरे राज्य में पूर्ण निरस्त्रीकरण की आवश्यकता है। उन्होंने बुधवार को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि विद्रोही समूहों और अवैध


- **निशस्त्रीकरण पर पीएम से विधायकों को उम्मीदें,**
- **40 विधायकों ने पूर्ण निरस्त्रीकरण की मांग को लेकर पीएम को सौंपा ज्ञापन**

सशस्त्र विदेशी बलों से संबंधित सभी हथियारों और राज्य मशीनरी से छीने गए हथियारों को जब्त करने की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि इस संबंध में केंद्रीय सुरक्षा बलों को क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए अधिक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं, जब किसान अपने खेतों में काम करने के लिए (जीविका के लिए) बाहर जाते हैं और ऊंचे स्थानों पर बैठे आतंकवादियों द्वारा उन पर गोलीबारी की जाती है।

# रिजिजू ने मणिपुर के दोनों समुदायों से शांति की अपील की

**गुवाहाटीः केंद्रीय** मंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि पूर्वोत्तर का सांसद होने के नाते वे मणिपुर के दोनों समुदायों से शांति की अपील करते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों समुदायों के बीच मतभेद नए नहीं हैं, बल्कि सदियों पुराने हैं।

रिजिजू ने कहा कि केंद्रीय बल अब संवेदनशील क्षेत्रों में बफर जोन बनाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि दोनों समुदाय एक-दूसरे से न टकराएं। उन्होंने केंद्रीय बलों से मणिपुर राज्य में अभियान चलाते समय सावधान रहने के लिए भी कहा। क्योंकि



निर्दोष लोगों की जानें जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि मणिपुर में संघर्ष दो समुदायों के बीच है। इसलिए सुरक्षा बल सीधे गोली नहीं चला सकते। क्योंकि, वे आतंकवादी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील कर रहे हैं।

# अब मात्र 55 मिनट में तय होगा वाराणसी से लखनऊ का सफर

**वाराणसीः वाराणसी** के बाबतपुर स्थित लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से लखनऊ की सीधी विमान सेवा गुरुवार से शुरू हो गई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर पहली उड़ान के यात्रियों का स्वागत करने के बाद दोपहर विमान (6 ई7483) को हरी झंडी दिखाई। पर्यटन मंत्री उसी विमान से लखनऊ से बाबतपुर एयरपोर्ट आएंगे। वह यहां से लखनऊ जाने वाले यात्रियों का स्वागत करेंगे। वाराणसी से लखनऊ की दूरी 55 मिनट में ही तय की जा सकेगी।

# 24 घंटे से हो रही बारिश से गंगा की सहायक नदियां उफान पर

## खारा स्रोत की तटीय मकानों में घुसा पानी एक सौ से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया



**ऋषिकेशः पर्वतीय** क्षेत्रों में पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते गंगा और उसकी सहायक नदियां चंद्रभागा, खारा स्त्रोत उफान पर हैं। आधी रात को कई घरों में पानी घुसने से लोगों में अफरातफरी मच गई। जबकि जानकी सेतु के पास दीवार गिरने से कुछ साधुओं के दबे होने की सूचना पर तलाशी अभियान शुरू किया गया, जिसमें एक व्यक्ति का शव मिला और दो घायलों को मलबे से निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना लक्ष्मणझूला से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मूसलाधार बारिश के दौरान जानकी सेतु के आगे गंगा नदी के किनारे बने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के स्लैग बेड के किनारे की दीवार ढह गई। जिससे वहां सो रहे तीन साधु इसकी चपेट में आ गए। राहत और तलाशी अभियान के दौरान राजस्थान निवासी गजानन (84) पुत्र गोपीचंद का शव मिला है। जबकि दो साधुओं को घायल अवस्था में

- **कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल अधिकारियों के संग मौके पर पहुंचे, स्थिति का किया मुआवना**

अस्पताल ले जाया गया है। बारिश की नदियों में आए उफान से प्रभावित इलाकों में एसडीआरएफ जवानों ने पहुंचकर राहत बचाव कार्य शुरू किया और करीब 100 से अधिक परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, उप जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गए हैं। गुरुवार को भी बारिश से राहत की उम्मीद नजर नहीं आ रही है।

एसडीआरएफ निरीक्षक कविंद्र सिंह सजवाण ने बताया कि मुनि की रेती क्षेत्रान्तर्गत खारा स्त्रोत में पानी बढ़ने से रिहायशी इलाके में पानी भर गया। नदी के किनारे लगभग 80 से 100 घरों/झोपड़ियों में पानी भर गया।

# ऑस्ट्रेलिया में होगा क्वाड देशों का मालाबार नौसैन्य अभ्यास

**नई दिल्लीः ऑस्ट्रेलिया** पहली बार क्वाड देशों की नौसेनाओं के मालाबार अभ्यास की मेजबानी कर रहा है। इस जटिल समुद्री अभ्यास में हिंद-प्रशांत पर चर्चा करने वाले शीर्ष नौसैन्य कमांडरों के साथ समुद्र और बंदरगाह दोनों चरण शामिल होंगे। अभ्यास में भारतीय नौसेना के स्वदेशी फ्रंटलाइन युद्धपोत आईएनएस सह्याद्री और आईएनएस कोलकाता हिस्सा लेने सिडनी पहुंच गए हैं।

नौसेना कमांडर विवेक मधवाल के मुताबिक रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी की मेजबानी में 11 से 21 अगस्त तक सिडनी में होने वाले मालाबार अभ्यास में भारत के अलावा



अमेरिकी नौसेना (यूएसएन), जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ) के जहाजों और विमानों की भागीदारी होगी। इस समुद्री अभ्यास की मालाबार श्रृंखला 1992 में भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना के बीच द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में शुरू हुई थी। पिछले कुछ वर्षों में इसका कद इतना बढ़ गया है कि इसमें भारत-प्रशांत क्षेत्र की चार प्रमुख नौसेनाओं को शामिल कर लिया गया है।

मालाबार अभ्यास के 2020 संस्करण में रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी की पहली भागीदारी देखी गई। इस वर्ष मालाबार का 27वां संस्करण है, जिसकी मेजबानी रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी (आरएएन) कर रही है। यह अभ्यास दो चरणों में होगा, हार्बर चरण में क्रॉस-डेक दौरे, पेशेवर आदान-प्रदान, खेल फिक्स्चर और समुद्री चरण की योजना और संचालन के लिए कई इंटरैक्शन जैसी व्यापक गतिविधियां शामिल होंगी। समुद्री चरण में युद्ध के सभी तीन क्षेत्रों में विभिन्न जटिल और उच्च तीव्रता वाले अभ्यास शामिल होंगे, जिसमें जीवित हथियार फायरिंग अभ्यास सहित सतह-रोधी, वायु-रोधी और पनडुब्बी रोधी अभ्यास शामिल होंगे।

## एक्सप्रेस-वे, हाई-वे, एयरपोर्ट के निर्माण से बेहतर हुई प्रदेश की कनेक्टिविटी, गड्ढामुक्त हुई प्रदेश की सड़कें, बाधारहित आवागमन के लिए बने 125 से अधिक फ्लाई ओवर

# यूपी का इंफ्रास्ट्रक्चर बना मॉडल, दुनिया भर के निवेशक हुए कायल

**लखनऊः गड्ढामुक्त** सड़कें, एक्सप्रेस-वे का जाल, हाईवेज का निर्माण, बड़े शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, डिफेंस कॉरिडोर, इंटरनेशनल और डॉमेस्टिक एयरपोर्ट, ये सभी चीजें आज के नए यूपी की पहचान बन गई हैं। विधानसभा सत्र में विपक्ष के नेता जब सरकार से प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर सवाल पूछ रहे हैं तो योगी सरकार के 6 वर्षों की यह उपलब्धि उनके लिए चौंका देने वाली है, क्योंकि जब उनके पास प्रदेश की सत्ता थी तो न उनके पास नीति थी और न ही नीयत। सीएम योगी ने यूपी को माफियाराज और गुंडाराज से मुक्ति दिलाकर 6 वर्षों में प्रदेश को इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों के साथ लाकर खड़ा कर दिया है। खासतौर




पर कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने मिशन के रूप में जो मुहिम चलाई है, उसी का नतीजा है कि लखनऊ में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उत्तर प्रदेश को 36 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। बहुत जल्द इन प्रस्तावों का एक बड़ा हिस्सा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से धरातल पर उतरता हुआ भी नजर आने वाला है।

बेहतर कनेक्टिवटी के चलते पूर्वांचल और बुंदेलखंड को भी मिला निवेशः उत्तर प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्धियों की नई इबारत लिख रहा है। गड्ढामुक्त सड़कें हों, या एक्सप्रेसवे और हाईवे का निर्माण, फ्लाई ओवर हों या फिर मेट्रो और एयरपोर्ट का विकास, सभी क्षेत्रों में सरकार ने विजन के साथ कदम आगे बढ़ाए हैं। जीआईएस के दौरान तमाम निवेशकों से जब यूपी में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की गई तो सभी ने एक बात पर खासतौर पर फोकस किया और वो यूपी का इंफ्रास्ट्रक्चर ही था। उद्यमियों का मानना है कि जिस तेजी के साथ प्रदेश में एक्सप्रेसवे, हाईवे, एयरपोर्ट और फ्लाईओवर का निर्माण हो रहा है।

# बांके बिहारी मंदिर की जमीन कब्रिस्तान के रूप में दर्ज करने पर हाईकोर्ट सख्त

**प्रयागराजः इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित बांके बिहारी मंदिर के नाम दर्ज जमीन को राजस्व अभिलेखों में पहले कब्रिस्तान और फिर पुरानी आबादी दर्ज करने के मामले को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने तहसीलदार छाता को 17 अगस्त को स्पष्टीकरण के साथ तलब किया है और पूछा है कि शाहपुर गांव के प्लाट 1081की स्थिति राजस्व अधिकारी द्वारा समय - समय पर क्यों बदली गई। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने श्री बिहारी जी सेवा



ट्रस्ट की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका पर अधिवक्ता राघवेन्द्र प्रसाद मिश्र ने बहस की। इनका कहना है कि प्राचीन काल से ही गाटा संख्या 1081 बांके बिहारी महाराज के नाम से दर्ज था। भोला खान पठान ने राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से 2004 में उक्त भूमि को कब्रिस्तान के रूप में दर्ज करा लिया।

## खबर संक्षेप

### 15 अगस्त को लगेगा मोती लाल मेडिकल कालेज में रक्त दान कैंप

**मांडा।** प्रयागराज पुलिस मित्र प्रयागराज टीम के द्वारा रक्तदान के लिए 15 अगस्त को मोती लाल मेडिकल कालेज में एक कैंप आयोजन करने जा रहा है। जिसमें अनूप कुमार बिंद ने सभी साथियों से अपील किया कि अपने जीवन में एक बार अवश्य रक्तदान करें। जिससे शरीर के अंदर खून साफ सुथरा बना रहे रक्तदान से किसी के परिवार, किसी के बच्चे, किसी के माता पिता या किसी भी अनजान असहाय की भी जान जाने से बचाई जा सकती है पुलिस मित्र की इस अनोखी पहल से लोगों को जागरूक करना चाहता हूं जीवन में साल में एक बार अवश्य रक्तदान करें इससे आप अपने सेहत के साथ-साथ उन जरूरतमंदों की भी मदद कर सकते हैं जिनको आप शायद ही कभी जानते हो मगर जिस दिन आपका रक्त का एक बूंद किसी दूसरे की रगो में बहेगा उस दिन आपको लगेगा कि मैं केवल अपने आप में जिंदा नहीं हूं बल्कि मैं किसी अन्य इंसान के शरीर में भी जिंदा हूं।

# अराजकतत्वों ने अमृत सरोवर पर बने राष्ट्रध्वज चबूतरा तोड़ा, तनाव

## अमृत सरोवर पर खड़ंजा मार्ग तोड़कर बनाया बाउंड्री वॉल

अखंड भारत संदेश




**करछना।** प्रयागराज विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत महोरी रीवा गाटा संख्या 631 पर बने लाखों रुपए से अमृत सरोवर पर गांव के ही कुछ अराजक अराजकतत्वों ने बनकर तैयार हुए अमृत सरोवर पर काफी नुकसान एवं क्षतिग्रस्त कर कब्जा जमा कर बाउंड्री वॉल का निर्माण कर लिया गया है अमृतसरोवर खड़ंजा मार्ग तोड़ कर बाउंड्री बनाकर अवैध ढंग से कब्जा किए जाने का आरोप ग्राम प्रधान ने लगाया है उन्होंने बताया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय की बाउंड्री तोड़ी गई है एवं राष्ट्रीय ध्वज फहराने वाला चबूतरा अमृतसरोवर पर बनकर तैयार था जिस पर 15 अगस्त पर भाग्य तरीके से झंडा रोहण अमृतसर महोत्सव मनाया जाने का कार्य की तैयारी चल रही थी जिसको गांव के कुछ नामजद लोग सरकारी कार्य में निर्माण के बाद नुकसान पहुंच कर ध्वजारोहण पूर्व चबूतरे को नष्ट कर दिया गया ग्राम प्रधान राजकुमार पटेल ने बताया कि गांव के कुछ लोग सरकारी संपत्ति पर नुकसान पहुंचाने का कृत्य किया है एवं अतिक्रमण करने का भी प्रयास किया है उन्होंने बताया कि संबंधित उच्च अधिकारियों एवं करछना पुलिस को नाम जद शिकायत देकर सरकारी नुकसान की भरपाई एवं आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के लिए शिकायत की है।

# रिया की मौत के मामले में दर्ज हुआ नामजद एफआईआर

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** लापता चल रही युवती का दो दिन बाद शव मिलने के मामले में नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। नारीबारी चौकी क्षेत्र के जूही की रहने वाली रिया जायसवाल (22) का शव बुधवार को सुबह गांव के ही एक तालाब में मिला था। मामले में परिजनों की तरफ से मिली तहरीर के आधार पर शंकरगढ़ पुलिस ने सोनवर्षा के सचिन सिंह के खिलाफ धारा 302 का केस दर्ज किया है। एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि यह मामला क्षेत्र के ग्राम जूही का है। जूही निवासी राकेश जायसवाल की बीटे रिया जायसवाल (22) बीते रविवार की रात खाना खाने के बाद घर के सामने टहल रही थी। इसके बाद वह लापता हो गई। खोजबीन के बाद परिजनों ने पुलिस से मदद मांगी तो पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। इधर, बुधवार को सुबह जूही ग्राम में ही एक उथले तालाब में रिया का शव पाया गया। पानी में रहने के कारण शव पूरी तरह से गल चुका था और अकड़ गया था। शव मिलने के बाद पुलिस ने पुलिस ने मौका मुआयना कर बाडी को चीरघर भेजा। इस मामले में मृतका के भाई देवेश जायसवाल पुत्र राकेश जायसवाल की तहरीर पर बहन की गुमशुदगी दर्ज की गई। बुधवार को तालाब से शव बरामद होने के बाद परिजनों के द्वारा लिखित तहरीर दी, जिसके आधार पर उक्त गुमशुदगी के दर्ज मामले को 302 में तरमीम कर दिया गया। इस मामले में सचिन सिंह पुत्र शिवराम सिंह (निवासी सोनवर्षा) को आरोपी बनाया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## कठहा बेनीपुर के बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा, लगे भारत मां के जयकारे



**शंकरगढ़।** मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत गुरुवार को विकास खंड शंकरगढ़ के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रभातफेरी/तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्राथमिक विद्यालय कठहा बेनीपुर के बच्चों ने हाथ में तिरंगा लेकर प्रभातफेरी निकाली। विद्यालय से निकली प्रभातफेरी आसपास के गांवों में घूमी और वापस विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। प्रधानाध्यापक अरुण कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार से भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने की थी। उन्होंने बच्चों को देशभक्ति की सीख देते हुए गांव-गांव से एकत्र की जा रही मिट्टी के महत्व को भी बताया। बताया कि इसी मिट्टी से दिल्ली में अमृत वाटिका की स्थापना की जाएगी, जिसमें देशभर के कोने-कोने से आई मिट्टी शामिल होगी। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में जश्न-ए-आजादी का कार्यक्रम 15 अगस्त को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके अलावा मेरी माटी-मेरा देश विषयक जन जागरुकता कार्यक्रम 30 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान शहीदों के सम्मान में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानाध्यापक ने यह भी बताया कि आज से 81 साल पहले, इसी दिन महात्मा गांधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया था। इसके पश्चात देश में जनजागरण का माहौल बना। अन्ततः अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ा। प्रधानाध्यापक ने बताया कि मेरी माटी- मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। इसमें कलश में मिट्टी इकट्ठा की जाएगी और पौधे भी लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक दिलीप कुमार सिंह, शिक्षामित्र मिथिलेश कुमारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती शांति सहित अनेक ग्रामवासी और अभिभावक शामिल हुए।

## बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी, हर्षोल्लास से मनेगा आजादी का जश्न



**शंकरगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव काल में 77वां स्वतंत्रता दिवस पूरे जोश के साथ मनाया जाएगा। इस बार हर घर तिरंगा के साथ-साथ मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम भी चल रहा है। इसके लिए सभी विभागों के साथ-साथ बेसिक शिक्षा विभाग ने भी खासी तैयारी कर रखी है। यह जानकारी देते हुए संविलियन विद्यालय शंकरगढ़ (कंपोजिट विद्यालय) के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह की अगुवाई में गुरुवार को बच्चों ने प्रभारी फेरी निकाली। स्कूल से निकली प्रभातफेरी आसपास के मोहल्लों में घूमी और वापस विद्यालय में आकर समाप्त हुई। हेड मास्टर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 15 अगस्त को देश अपना 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। इस बार का आजादी का पर्व कई मायनों में खास होगा। भारत सरकार के निर्देश पर 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान चलाया जा रहा है। नौ अगस्त से शुरू हुआ यह अभियान आजादी के दिन तक चलेगा। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ही गुरुवार को संविलियन विद्यालय शंकरगढ़ के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली और भारत माता का जयकारा लगाया। इस प्रभातफेरी में शिक्षक नृपेंद्र सिंह, चेतना शर्मा, अतुलेश्वरी गुप्ता, अनिल सिंह, अनिल कुमार सिंह, सुरेंद्र सरोज, संगीता सिंह, मनीषा सिंह, यस्मीन बानो, अजय सिंह, रामाधीन, शिवलाल एवं पारस द्विवेदी उपस्थित रहे। इसीतरह राजकीय बालिका इंटर कालेज शंकरगढ़ की छात्राओं द्वारा नगर में प्रभातफेरी निकाली गई।

## नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में 'मेरी माटी, मेरा देश' का आयोजन



**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में 10 अगस्त को प्राचार्य प्रोफेसर राजीव मालवीय के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत पंच प्रण शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र सरकार की ओर से पंच प्रण की तय की गई रुपरेखा के अनुसार कुल 5 लक्ष्यों को प्रण के रूप में तय किया गया है। इसके अंतर्गत 'विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता व एकजुटता तथा नागरिकों में कर्तव्य की भावना' ये वो लक्ष्य हैं। जिनको लक्षित करके पंच प्रण की अवधारणा को अंगीकार किया गया है। प्राचार्य ने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को पंच प्रण- 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य, दासता के हर चिन्ह से मुक्ति, अपने विरासत पर गवार्नुभूति, एकता और वीरों के प्रति सम्मान की भावना तथा कर्तव्य बोध की भावना की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारी छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## थानापुर में बच्चों द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी लगे देशभक्ति के नारे



**सहसों।** मेरी माटी मेरी जान मेरा भारत मेरी शान के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय धानापुर के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गांव में घूमते हुए ब्लॉक परिसर से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुआ। प्रभात फेरी में बच्चों ने हाथ में देशभक्ति नारे लिखे हुए तख्तियां लेकर चल रहे थे। प्रभात फेरी में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा हर घर में तिरंगा लहराएंगे मेरी माटी मेरा देश त्योहार मनाएंगे, शहीदों का करो सम्मान वीर सैनिक हैं हमारा सच्चा अभिमान आदि नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगमय हो गया। इस अवसर पर अरुणा त्रिपाठी, दीपमा जायसवाल, अनीता सिंह,अजीत प्रताप सिंह, आरती, गायत्री पटेल आदि रही।

## मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम के तहत चनेथू में तिरंगा यात्रा निकाली गई




**जंघई।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत गुरुवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय हाईस्कूल चनेथू के छात्र-छात्राओं ने गांव में प्रभात फेरी तिरंगा यात्रा निकाली एवं 'पंच प्रण' की शपथ दिलाई गई। बच्चों द्वारा प्रभात फेरी तिरंगा यात्रा के दौरान राष्ट्रभक्ति के नारों का जयघोष करते हुए तिरंगे के समक्ष नागरिक कर्तव्यों के पालन हेतु शपथ ली। केंद्र सरकार की ओर से पंच प्रण की तय की गई रुपरेखा के अनुसार कुल 5 लक्ष्यों को प्रण के रूप में तय किया गया है। इसके अंतर्गत 'विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता व एकजुटता तथा नागरिकों में कर्तव्य की भावना' ये वो लक्ष्य हैं। जिनको लक्षित करके पंच प्रण की अवधारणा को अंगीकार किया गया है।इस दौरान प्रधान चनेथू आरती मुन्ना पांडेय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल सिंह, रणविजय यादव, रंगीता एवं राजकीय हाईस्कूल के प्रधानाचार्य कैलाश यादव, प्रदीप यादव, राम अवध चौहान, पीके मिश्रा, पटेल आदि लोग मौजूद रहे।



# बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में मेजा ब्लॉक की टीम विजयी

**मेजा।** जिला स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में मेजा ब्लॉक की बास्केटबॉल टीम के प्रथम स्थान प्राप्त होने पर खुशी जाहिर की गई। कंपोजिट विद्यालय एलनगंज में चल रहे जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के मेजा ब्लॉक के बालक ग्रुप ने नगर क्षेत्र की टीम को फाइनल मुकाबले में पराजित कर जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया। जीत की घोषणा जिला व्यायाम शिक्षक आशुतोष मौर्य ने किया। मेजा ब्लॉक की इस टीम में कम्पोजिट विद्यालय बरसैता व उच्च प्राथमिक विद्यालय के खिलाड़ी जिसमे सक्षम, वंश, प्रज्जवल, आदित्य नितेश,पीयूष सम्मिलित रहे। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने मेजा बास्केटबॉल टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों व उनके शिक्षकों को तथा बास्केटबॉल बाल टीम के प्रभारी खेल अनुदेशक अनिकेत जयसवाल और सचिन कुमार को भी बधाई दी।

## नैनी स्टेशन से रात नौ बजे जाएगी इटारसी एक्सप्रेस

**नैनी।** नैनी स्टेशन से रात 21.00 बजे चलेगी इटारसी एक्सप्रेस। छिवकी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर पावर एवं ट्राफिक ब्लॉक कार्य की अवथि में विस्तार किया गया है। इसी कारण गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी इटारसी एक्सप्रेस 10 अगस्त को नैनी स्टेशन से समय 21.00 बजे चलेगी। इसी प्रकार गोरखपुर छावनी स्टेशन पर यार्ड में तीसरी लाइन के कार्य की वजह से गाड़ी नंबर 12538 प्रयागराज रामबाग मुजफ्फरपुर एक्सर्प्रेस यात्रा प्रारम्भ करने की तिथि 14 अगस्त को निरस्त हगी। इस कार्य की वजह से कई और ट्रेनों को आंशिक रूप से निरस्त किया गया है।

## किसानों की बैठक आज

**मेजा।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले शुक्रवार को करछना तहसील में किसान पंचायत आयोजित की गई है। जिसमें क्षेत्र के सभी किसानों से भारी से भारी संख्या में उपस्थित होकर अपनी एकजुटता प्रशासन को दिखाने और किसान यूनियन अराजनैतिक करछना का मनोबल बढ़ाने की अपील की है।उक्त आशय की जानकारी भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के तहसील अध्यक्ष बजरंगी ने दी है।

## कांग्रेस की सरकार हमेशा गरीबों के हित में कार्य किया : शहजादुल हक




**करछना।** प्रयागराज कांग्रेस पार्टी की सरकार जब तक देश में रही तब तक दलितों के बारे में हमेशा हितों की बात की है बड़े पैमाने पर गरीब असहाय दलितों के लिए आवासीय पट्टे उनके जीविकोपार्जन के लिए अनेकों कार्य किए लेकिन जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से दलितों के ऊपर अत्याचार बढ़े हैं जमीनी स्तर पर दलितों के साथ दुर्व्यवहार एवं बदले की भावना से कार्य हो रहा है उक्त बातें कांग्रेश के आह्वान पर विधानसभा करछना क्षेत्र के मुगारी गांव में कांग्रेस पार्टी के निर्देश पर दलितों के घर जाकर उनकी समस्याओं को समझने एवं कांग्रेस की नीतियों को समझाने के लिए उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष जनाब शाहनवाज आलम के आदेश पर गुरुवार को इलाहाबाद यमुनापार जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग गुलाम हसन ( शहजादुल हक) के नेतृत्व में दलित-मुस्लिम जनसंपर्क मुंगारी ग्राम सभा मे किया गया जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग गुलाम हसन ने कॉंग्रेस पार्टी के नीतियों को बताया साथ में कहा कि कॉंग्रेस ने दलितों को पट्टा देने का काम किया है, एडवोकेट नरेन्द्र आदिवासी ने कहा कि कॉंग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने गरीबों की लगातार रोड पर उतर कर लड़ रहे हैं ' इस जन जागरण अभियान में संजय कोल,राजू कोल, रोहित कुशवाहा, असद सिद्दीकी, सरिता आदिवासी,मंगला वती, ज्योति, आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस के लोग मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों का पेरेंट्स काउंसलिंग एवं मेडिकल असेसमेंट का आयोजन संपन्न

अखंड भारत संदेश

**सैदाबाद।** समग्र शिक्षा अभियान एवं समेकित शिक्षा योजना अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र सैदाबाद प्रयागराज में दिव्यांग बच्चों का पेरेंट्स काउंसलिंग एवं मेडिकल असेसमेंट का आयोजन दिनांक 10 /08/ 2023 को किया गया है ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजीव त्रिपाठी जिला समन्वयक समेकित शिक्षा एवं कार्यक्रम का संयोजन श्री अखिलेश यादव खंड शिक्षा अधिकारी सैदाबाद एवं चंद्रकला इंटीग्रेट टीचर के द्वारा किया गया । सर्वप्रथम जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। तत्पश्चात कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं प्राथमिक विद्यालय बनपुकरा तथा सैदाबाद के बच्चों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ।एक दिव्यांग बच्ची ने भी स्टेज पर अपना डांस प्रस्तुत किया। खंड शिक्षा अधिकारी, मुख्य अतिथि एवं समस्त दिव्यांग बच्चे अभिभावकों का स्वागत किया ।तत्पश्चात दिव्यांग बच्चों के पैरंट की काउंसलिंग मेडिकल एसेसमेंट ,क्या मिलता है इसकी जानकारी श्रीमती करुणा राय के द्वारा प्रस्तुत किया गया। अंत में राजीव त्रिपाठी जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा अभिभावकों से वार्ता करते हुए समेकित शिक्षा की योजनाओं के बारे मे बताया ।उन्होंने अभिभावकों को प्रेरित हुए कहा कि दिव्यांग बच्चे में बहुत बड़ी प्रतिभा होती है। यदि उनको अवसर मिल जाए तो वह भी ऊंचाई तक पहुंच सकते हैं ।उसके बाद डॉक्टर की टीम द्वारा बच्चों की जांच करके उनका प्रमाण पत्र बनाया गया।अभिभावको को भोजन एवं बच्चों को स्वल्पाहार देकर के कार्यक्रम का समापन किया गया ।कार्यक्रम मे इंद्रेश कुमार तिवारी अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सैदाबाद, जयसिंह, शशिकांत यादव, श्रीमती गीता त्रिपाठी, कन्हैया लाल यादव ,विजय कुमार दिव्यांग शिक्षक प्राथमिक विद्यालय कनकपुर, श्रीमती करुणा राय स्पेशल एजुकेटर धनुपुर, श्री अंजू सिंह वार्डन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय,शिव कुमार सिन्हा मिथिलेश कुमार ,राहुल श्रीवास्तव दिलीप कुशवाहा, अखिलेश मिश्रा, विजय भान इत्यादि लोग उपस्थित रहे।




## न्यूज झरोखा

### मन्दिर परिसर में 24वें दिन पूजा अर्चन से श्रोता मंत्रमुग्ध



**मांडा।** प्रयागराज बाबा बूढ़ेनाथ मंदिर बादपुर में पुरुषोत्तम मास में 18 जुलाई से 16 अगस्त तक सवा करोड़ ओम नमः शिवाय का जाप और दशांश हवन पूजन एवं आरती का कार्यक्रम प्रसिद्ध 31 विद्वानों के सानिध्य में प्रारम्भ है। जिसके मुख्य यजमान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा सिंह और पूर्व ब्लाक प्रमुख मांडा अशोक सिंह है जहां कि स्थान देखने में तो बहुत छोटा है लेकिन बहुत ही रमणीक स्थान है यहां पर जो भी सच्चे मन से पूजा पाठ किया है उसको सफलता अवश्य मिली है यहां से हमारे क्षेत्र के बडे.बड़े अधिकारी बूढ़ेनाथ की कृपा से हुए हैं। जैसे जस्टिस एस.के. सिंह हाई कोर्ट उत्तर प्रदेश, वागीश मिश्रा पुलिस कमिश्नर वेस्ट बंगाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह, रमाशंकर सिंह सीओ वाराणसी तथा ऐसे तमाम लोगों ने उनकी कृपा से शीर्ष पदों पर पदासिन हुए हैं ।यहां पर पूरे पुरुषोत्तम मास तक हवन पूजन और सुबह शाम भव्य आरती का कार्यक्रम चल रहा है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह ने बताया प्रमुख जी ने बताया कि जब हम लोग छोटे थे तो मंदीर के पास एक छोटा सा कमरा था। जिसमे एक संत निवास करते थे। जो एक जज के पद पर कार्यरत थे उन्होंने अपने साले को किसी कारण वश सजा सुना दी थी जिसके कारण संत जी परिवार उनसे नफरत करने लगे संत जी ने अपने पद से इस्तीफा लगा के मोह माया को त्याग कर गंगा जी किनारे स्थित बूढ़े नाथ के पास एक मकान में अपना जीवन व्यतीत करने लगे। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से अपील की जो इस मन्दिर परिसर में पूजन अर्चन करने आएगा निश्चित ही व्यक्ति के अन्दर बदलाव होने की बात कही।

### सावन महोत्सव खादी ग्रामोद्योग हस्त शिल्प मेले का पूर्व सांसद ने किया उद्घाटन



**करछना।** प्रयागराज पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह गुरुवार को करछना ब्लॉक के सामने पूर्व प्रमुख राजू सिंह के मार्केट में 15 दिवसीय चलने वाले खादी ग्राम उद्योग सावन शिल्प महोत्सव मेले का उद्घाटन किया इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए कुंवर रेवती रमन सह ने कहा कि खादी वस्त्र अपने देश की पहचान भी है और इसके प्रयोग से कम कीमत पर आसानी लोगों को संस्थान के द्वारा स्टॉल पर लगे प्रोडक्ट आयुर्वेदिक एवं जितनी भी सैकड़ों की संख्या में दुकाने लगी है उसमें ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग इसका लाभ उठाएं मेले में वस्त्र कपड़ा पुरुषों के लिए एवं महिलाओं के लिए बच्चों के लिए एवं दवाएं आयुर्वेदिक आदि बहुत स्टाल हैं जिसमें लोग कम दामों में अच्छी चीज ले जाकर इसका इस्तेमाल कर खादी ग्रामोद्योग की पहचान को बनाए रखें इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन विजय राज सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख करछना एवं बार एसोसिएशन करछना के अध्यक्ष चिंतामणि शुक्ला महामंत्री हंसराज सिंह शिव बाबू सिंह डॉक्टर लाल मियां, पिंटू सिंह प्रधान बबुरा, डी आर,बाबा यादव, बृजनंदन तिवारी, सिंह सहित सैकड़ो की संख्या ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य के अलावा सपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र से आए हुए लोग उपस्थित रहे।

### चाका में किया गया स्वास्थ्य मेले का आयोजन




**नैनी।** नैनी राष्ट्रीय कृमि दिवस पर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका नैनी एवं लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल द्वारा ग्राम तिगनौता डाडी आंगनवाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें पेट के कीड़ों की वजह से बच्चों में हो रही तमाम बीमारियों के लिए 148 बच्चों को कीड़े की दवा सामने खिलाई गई।पुरुषों महिलाओं में 56 लोगों का ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गई और बुखार से ग्रस्त लोगों को दवा वितरित की गई एवं फैली हुई आंखों का फ्लू पर लोगों को ड्रॉप भी बांटी गई। बुखार और आंखों से पीड़ित लगभग 70 व्यक्तियों को दवा वितरित की गई। लोगों में बहुत उत्साह रहा। इस आयोजन पर चाका ब्लाक के सी एच ओ पूनम सिंह क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ रमेश चंद्रा, सचिव लायन संत कुमार वर्मा ,कोषाध्यक्ष लायन डॉ सूर्यनाथ प्रजापति, डेंटिस्ट डॉक्टर अवधेश सिंह डॉ संतोष कुमार, ई रवि भूषण गुप्ता, सरिता पटेल, सुधा गुप्ता, अल्पना वर्मा, आशा आरती पाल और कामिनी सहित गांव की महिलाएं उपस्थित थी।

### अल्ट्राटेक सीमेंट ने किया शिल्पकार संगम कार्यक्रम का आयोजन



**जंघई।** अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा गुरुवार को पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल अनुवां, जंघई में राज मिस्त्रियों एवं ग्राहकों के मध्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल राज मिस्त्रियों को कंपनी के द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के ग्राहक सेवा अधिकारी आवेश कुमार द्वारा उपस्थित लोगों को सीमेंट की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी गई । इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट से बने हुए भवनों की मजबूती के बारे में विस्तारपूर्वक कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पांडेय बिल्डिंग मैटेरियल के प्रोपराइटर विनोद पांडेय, गुंजन पांडेय, संजय पांडेय, गोपाल पांडेय, अंकित पांडेय, बिजली सिंह, महावीर मिश्रा, विजय गौतम प्रधान, डॉ मनोज गुप्ता, कृष्णा मिश्रा, डाक्टर मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान समस्याओं को लेकर बीडीओ के समक्ष की बैठक




**जसरा।** अखिल भारतीय प्रधान संघ प्रयागराज अपनी समस्याओं को लेकर बुधवार को विकास खंड कार्यालय जसरा में खंड विकास अधिकारी के समक्ष बैठक की गई। जिसमें प्रधानों ने अपनी समस्याओं को खंड विकास अधिकारी को अवगत कराते हुए उसके निस्तारण करने के लिए आग्रह किया।अखिल भारतीय प्रधान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्रिपाठी ने बैठक में कहा कि ब्लॉक के कर्मचारियों द्वारा ग्राम पंचायतों के विकास के लिए आए हुए धन में ग्राम पंचायत सचिव व अन्य अधिकारियों द्वारा 30 से 40% कमीशन ले। लिया जाता है। कमीशन ना देने पर वह चेक पर साइन नहीं करते जिसके कारण विकास कार्यों के लिए आए धन की कमी के कारण विकास कार्य ठीक से नहीं हो पाता है। वहीं सफाई कर्मियों की मनमानी की वजह से गांवों में गंदगी का अंबार लगा रहता है और बीमारियां फैल रही हैं। मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का मास्टर रोल रोजगार सेवक मनमाने ढंग से निकालकर पैसे का बंदरबांट करता है ।वहीं खंड विकास अधिकारी जसरा अनीस अहमद द्वारा बताया गया कि प्रधानों की कुछ समस्याओं को लेकर बैठक की गई थी। जिसमें उनकी समस्याओं को जल्द ही निस्तारण कराया जाएगा। बैठक में प्रधान संघ के अध्यक्ष द्वारा सिंह पटेल,प्रधान गण हीरामणि सिंह उर्फ लल्लू सिंह, आशीष सोनकर,विजय भी पटेल,राममनोहर कुशवाहा, बृजेश बिंद,महादेव कुशवाहा,बृजेश सोनकर,भीम पटेल,लालचंद्र सहित ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### विकास प्राधिकरण के कर्मचारी भी स्वास्थ्य सुविधा के हकदार

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य की तरह विकास प्राधिकरणों के कर्मचारी भी सरकार से चिकित्सकीय सुविधा के हकदार हैं। यह विधि व्यवस्था हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने याची रिटायर्ड कर्मचारी बृजेश बहादुर सिंह द्वारा मेडिकल क्लेम देने से इन्कार करने वाले आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को स्वीकार करते हुए स्थापित की। कोर्ट ने कहा कि विकास प्राधिकरण के केंद्रीयकृत सेवा नियमावली से आच्छादित कर्मचारी चाहे वो कार्यरत हो या फिर सेवानिवृत्त अभी राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए लागू चिकित्सा परिचर्या 2011 के प्रविधानों के तहत लाभ प्राप्त करने के अधिकारी हैं ।याची के अधिवक्ता सतेंद्र सिंह का कहना था की याची प्रयागराज विकास प्राधिकरण की केंद्रीयकृत सेवा से सेवानिवृत्त कर्मचारी है। याची की पत्नी कोविड की दूसरी लहर के दौरान गंभीर रूप से बीमार हुई थी, उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इलाज में दो लाख 75 हजार खर्च हुए थे। याची ने विकास प्राधिकरण के समक्ष मेडिकल क्लेम के लिए प्रत्यावेदन दिया था, जिसे सचिव ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था की विकास प्राधिकरण की सेवा नियमावली में मेडिकल क्लेम का प्रावधान नहीं है। याची ने उस आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि विधि का सुस्थापित नियम है की सेवा नियमावली के प्रावधान जिस बिंदु पर खामोश होंगे उस पर राज्यकर्मियों पर लागू होने वाले प्रावधान को लागू माना जाएगा ।कोर्ट ने याचिका को स्वीकार करते हुए कहा की राज्य कर्मियों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं का लाभ विकास प्राधिकरण के कर्मियों को भी मिलना न्यायसंगत है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस सुविधा का लाभ कार्यरत कर्मचारी के साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारी के परिजन भी पाने के हकदार हैं।

# महाकुम्भ 2025 : कराये जा रहे स्थायी कार्यों के ससमय क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन एवं रेलवे प्रशासन की हुई समन्वय बैठक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत कराये जा रहे स्थायी कार्यों के ससमय कियान्वयन हेतु जिला प्रशासन एवं रेलवे प्रशासन की समन्वय बैठक डीआरएम उ०म०रे० प्रयागराज डिवीजन, हिमांशू बदोनी की अध्यक्षता एवं मण्डलायुक्त, विजय विश्वास पंत समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में डीआरएम कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में मेलाधिकारी कुम्भ मेला विजय किरन आनन्द भी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे एवं इसमें जनपद के विभिन्न लेवल क्रासिंग पर बनाये जा रहे सेतुओं, रेलवे स्टेशनों के आस-पास कराये जा रहे चौड़ीकरण / सौन्दर्यकरण के कार्यों, रेलवे परिसर में रेलवे द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों तथा अन्य संबंधित अन्तर्विभागीय कार्यों पर विस्तार पूर्वक चर्च की गयी ।पिछले कुम्भ में आयी भीड़ को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि इस बार 15 से 20 प्रतिशत ज्यादा श्रद्धालुओं के आगमन की अपेक्षा की जा रही है तथा सारी व्यवस्थायें इन आंकडों को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। इस क्रम में जिला प्रशासन ने रेलवे प्रशासन से प्रयागराज से लखनऊ सुपरफास्ट ट्रेन चलाने तथा प्रयागराज को पर्यटन के सर्किट से जोड़ने के दृष्टिगत मिर्जापुर वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट, को जोड़ते हुए एक विशेष ट्रेन चलाने का अनुरोध किया है। इसके दृष्टिगत डीआरएम हिमांशू बदोनी ने प्रदेश सरकार से एक औपचारिक प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया है जिसको अग्रेतर कार्यवाही हेतु रेलवे बोर्ड में अग्रसारित किया जा सके ।इसके अतिरिक्त प्रयागराज जनपद के अन्तर्गत आने वाले उ०म०रे, उ०पू०रे० एवं उ०रे० के परिसरों में जिला प्रशासन ने स्वच्छ भारत मिशन से सुन्दर कम्युनिटी टायलेट विकसित करने का भी प्रस्ताव दिया है जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने में आसानी हो सके। इन शौचालयों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा ताकि महा कुम्भ के पश्चात भी इन्हें क्रियाशील रखने में कोई परेशानी न हो। साथ ही जिला प्रशासन रेलवे अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए पर्याप्त संख्या में होल्डिंग एरिया एवं पार्किंग का चिन्हांकन कर विकसित करने, विभिन्न स्टेशनों से मेला तक शटल बस चलाने तथा एनएमसीजी, पर्यटन विभाग तथा स्वच्छ भारत मिशन के संयुक्त तत्वावधान में पेट माई सिटी कम्पेन चलाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कर रहा है ।बैठक में राज्य सेतु निगम एवं रेलवे द्वारा विभिन्न लेवल क्रासिंग पर बनाये जा रहे सेतुओं, विभिन्न रेलवे स्टेशनों के एप्रोच रोड के चौडीकरण, नवाब यूसुफ रोड के चौडीकरण, नैनी स्टेशन प्लेटफार्म -4 के सम्पर्क मार्ग के चौड़ीकरण, सूबेदारगंज स्टेशन के एप्रोच रोड के चौड़ीकरण, नैनी रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म-1 की ओर के मार्ग को 6 मीटर से बढाकर 10 मीटर करने तथा अन्य संबंधित कार्यों पर भी चर्चा की गयी। महाकुम्भ मेले के दृष्टिगत विभिन्न रेलवे स्टेशनों एवं आस-पास में किस तरह के कार्य होने चाहिए इस संबंध में रेलवे द्वारा एक गैप एनालसिस भी तैयार की गयी है जिस पर जिला प्रशासन रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य कर रहा है। संयुक्त रूप से कार्यों का चिन्हांकन होने के बाद सौन्दर्यीकरण एवं चौड़ीकरण के अन्य कार्य भी किए जायेंगे।

### भ्रष्टाचार में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन पर लटकी कार्रवाई की तलवार

**प्रयागराज।** पीडब्ल्यूडी के विद्युत यांत्रिक खंड में फर्जी अनुबंध गठित करने, चहेती फर्मों के नाम पर फर्जी बिल बनाकर भुगतान करने में एक्सईएन दिनेश कुमार पर शासन की तलवार लटक गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जांच का आदेश दिया था, लेकिन फाइल दबा दी गई। अब विशेष सचिव आशुतोष कुमार द्विवेदी ने पीडब्ल्यूडी के प्रमुख अभियंता को पत्र लिखकर इस मामले में रिपोर्ट तलब की है ।विशेष सचिव ने पत्र में लिखा है कि यह प्रकरण मुख्यमंत्री के आदेश से संबंधित है। इसलिए शीघ्र रिपोर्ट भेजी जाए। इसके बाद विद्युत यांत्रिक खंड में हुई वित्तीय अनियमितताओं की नए सिरे से जानकारी जुटाई जा रही है। इस मामले की शिकायत मुख्य अभियंता के अलावा इंजीनियर इन चीफ से भी की गई थी। उन्होंने शिकायतों की बिंदुवार जांच भी कराई थी ।यह शिकायत भाजपा के कानूनी और विधि विभाग के जिला संयोजक भोलानाथ पांडेय ने मुख्यमंत्री से की थी। आरोप है कि बीते वर्ष विद्युत यांत्रिक खंड में फर्मों से स्वीकृत बजट के विपरीत न्यूनतम दर पर निविदा डलवाकर शेष धनराशि डकार ली गई। उच्च न्यायालय के कोर्ट नंबर आठ, 10 और 18 में कराए गए विद्युतीय कार्यों में फर्जी भुगतान कर दिया गया है। इतना ही नहीं वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान निलंबित एक्सईएन दिनेश यादव के कार्यकाल का वीआरएफ/वीआरवी, एससी का अनुबंध गठित कर चहेती फर्म को फर्जी भुगतान किए जाने का भी मामला शासन की जानकारी में पहुंचा है ।इसी तरह उच्च न्यायालय में नेटवर्किंग के कार्य में भी मानक को ताक पर रखकर लाखों रुपये का गोलमाल किया गया है और एग्रीमेंट के तहत गारंटी, वारंटी के दस्तावेज नहीं सौंपे गए। अब शासन की ओर से इस मामले के पन्ने पलटे जाने से यांत्रिक खंड के अफसरों का सांसें फूलने लगी हैं। पता चला है कि हाल में ही इस मामले में एक्सईएन को अभिलेखों के साथ तलब भी किया गया था।

## न्यूज झरोखा

### बैठक में भंडारे को लेकर खाका तैयार, 50 हजार लोगों को भोजन की व्यवस्था



**मेजा।** वरिष्ठ भाजपा नेता हरिशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में पहाड़ी महादेव मंदिर में एक बैठक आयोजित की गई,जिसमें आगामी 14 अगस्त को होने वाले बाहंदरे पर विस्तार से चर्चा हुई ।यमुनापार के गॉवों की समृद्धि और विकास के लिए भाजपा नेता हरि कृष्ण शुक्ल के नेतृत्व में 14 अगस्त को पहाड़ी महादेव मंदिर मेजा में होने वाले यज्ञ एवं विशाल भंडारे के विषय में खाका तैयार किया गया। इस पवित्र आयोजन में लगभग पचास हजार से अधिक शिव भक्तो के शामिल होने की संभावना है। पहाड़ी महादेव के महंत आचार्य ब्रिज बिहारी दास के संयोजन में यह आयोजन सम्पन्न होगा।

### मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत किया पौधरोपण



**प्रयागराज।** पारस फाउंडेशन के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस सप्ताह भर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो के आयोजन किए जा रहे हैं , जिसके तहत आज स्वयंसेवी संस्था पारस फाउंडेशन के तत्वाधान में आज मेडिकल कॉलेज कैंपस में फल और फूल के लगभग 15 पौधे लगाए। फूल के पौधे लगाते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रान्त छात्रा प्रमुख काशी प्रान्त डा० आभा त्रिपाठी ने पेड़ बचाओ की बात की और कहा कि लगे हुए पौधों का संरक्षण तब तक आवश्यक है जब तक वो बड़े न हो जाएं मधुमिता नाथ ने पौधारोपण के प्रति सबको जागरूक की बात की उन्होंने कहा कि स्वच्छ आक्सीजन प्राप्त होती रहे इसके लिए पौधारोपण आवश्यक है। वार्ड अध्यक्ष सुभाष तिवारी ने एक व्यक्ति एक पेड़ का नारा दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शुभेंद्र पाण्डेय ने किया। संचालन प्रबंधक दीप द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में अरुण निषाद , कंचन मौर्या, नीरज मौर्या आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

### सपा की जन पंचायत में हुआ सड़क चौड़ीकरण का विरोध



**नैनी।** नैनी समाजवादी पार्टी की ओर से बुधवार को जन पंचायत का आयोजन किया गया। नैनी के हनुमान नगर में आयोजित पंचायत की वरिष्ठ सपा नेता बब्बन दुबे की अध्यक्षता की जिसमें जन समस्याओ को सुना गया। सपा जिला सचिव सुभाष चंद्र केसरवानी की ओर नैनी स्टेशन रोड पर चौड़ीकरण से होने वाली समस्या को रखा गया। जन पंचायत में बब्बन दुबे ने कहा कि उनके नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल संबंधित अधिकारियों से मिलकर एक चौड़ीकरण का विरोध करेंगे और उन्हे एक ज्ञापन के माध्यम से चौड़ीकरण मे चिन्हित की गई दूरी को कम करने की मांग करेंगे। संचालन मो. अजहर ने किया। इस मौके पर मो. गौस, अजय यादव, राजेश यादव, मुकेश जायसवाल, भोला पाल, बच्चा जायसवाल,रामभवन यादव समेंत अन्य लोग मौजूद रहे।

### लाक्षागृह से कुंदौरा महादेव मंदिर प्रांगण तक कलश यात्रा निकली



**धनूपुर।** सर्वधर्म समन्वय समिति श्री हरिहर धाम कुंदौरा महादेव प्रांगण में श्री शत रुद्र महायज्ञ एवं श्री राम कथा एवं सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण अभिषेक का आयोजन 10 अगस्त से 16 अगस्त तक किया गया है। कथा के पूर्व गुरुवार को गाजे बाजे के साथ लाक्षागृह से कुंदौरा महादेव मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें यज्ञ संरक्षक जगतगुरू रामानुजाचार्य हरिप्रपन्नाचार्य महाराज, कथा वाचक धर्मराज शास्त्री, यज्ञाचार्य अशोक शुक्ल, अनुज महाराज, पंडित शेखर तिवारी, मनीष पांडेय, मुख्य यजमान मातेश्वरनंद तिवारी, अरुण उपाध्याय, प्रबंधक विजय बहादुर यादव, अध्यक्ष जवाहर लाल गोंड़, काशी नरेश पांडेय, मनीष पांडेय, डाक्टर वीके यादव, शुभम तिवारी, सोनू तिवारी, रामबाबू मिश्रा, भोलानाथ यादव, सतेंद्र पांडेय, आशाराम गोंड़, सभाजीत पांडेय, सुरेंद्र पांडेय कोमल, रमन गोंड़ अशोक यादव, नंदलाल यादव, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, पिंटू मिश्रा, राजेश यादव, रमेश यादव, श्यामधर गुप्ता, राज कुमार गुप्ता, कर्मचंद्र गोंड़, चिंटू गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## श्री संकट मोचन मंदिर अत्तरसुईयामें चढ़ाया गया 11 किलो चांदी का महाकाल स्वरूप



**प्रयागराज।** श्री संकट मोचन मंदिर अत्तरसुईया थाने के निकट प्रयागराज में शंकर जी का 11 किलोचांदी का महाकाल स्वरूप चढ़ाया गया जिसमें मुख्य अतिथि महापौर महेश चंद्र गणेश केसरवानी एवं किन्नर अखाड़ा की महामलेश्वर मां टीना उपस्थित थी। नगर प्रमुख उमेश चंद्र केसरवानी जी के द्वारा 21 ब्राह्मणों द्वारा महा रुद्राभिषेक किया गया मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित उमाकांत पांडे के आचार्यतत्व में भव्य आयोजन रखा गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य संयोजक गिरी शंकर प्रभाकर (गिरी बाबा ) पूर्व वरिष्ठ पार्षद,पूर्व महामंत्री भाजपा महानगर प्रयागराज, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष बृजेश मिश्रा, भाजपा चौक मंडल सेक्टर संयोजक गोपाल जी मालवीय,मनोज मिश्रा, पूर्व पार्षद संजय गुप्ता, वरिष्ठ पार्षद शिव सेवक सिंह जी , प्रवीण मालवीय, रवि सिलावन ,अशोक मालवीय , इंतेसर अहमद मुन्ना, आदि भोलेनाथ के भक्तगण उपस्थित रहे।

## मेरी माटी, मेरा देश' अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

### ध्वजारोहण के साथ हुआ पौधारोपण, पूरे गांव में किया भ्रमण



**मेजा।** पीएम मोदी के आह्वान परआजादी के वीर सपूतों की याद में बुधवार से 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान का शुभारंभ हुआ ।इसी क्रम में विकास खंड मेजा के मेंडरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने राष्ट्रगान के साथ पूरे गांव में प्रभात फेरी निकाल कर देश की आजादी में अपना बलिदान करने वाले वीर सपूतों को याद किया गया। प्रभात फेरी के बाद ध्वजारोहण के साथ पौधारोपण कर आजादी के वीर सपूतों को नमन किया ।शिक्षकों ने देश की आजादी में अपना बलिदान देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार यादव ने कहा कि देश अपनी आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मना रहा है, जिसके तहत देश की आजादी में अपना बलिदान देने वाले वीर सपूतों की याद में मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ किया ।मेरी माटी मेरा देश अभियान के शुभारंभ अवसर पर भारत को सन 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने की तथा गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने एवं भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वाले सेनानियों का सम्मान करने के साथ-साथ देश के जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### भाजपा कोहड़ार मंडल कार्य समिति की हुई बैठक



**मेजा।** बुधवार को कोहड़ार क्षेत्र के मां सत्यवती पब्लिक स्कूल में भाजपा कोहड़ार मंडल कार्य समिति की एक आवश्यक बैठक मंडल अध्यक्ष गोविंद मिश्र की अध्यक्षता में हुई,जिसमें पूर्व चर्चित विधायक प्रभा शंकर पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में रहे ।उन्होंने पार्टी संगठन से जुड़े पदाधिकारियों व सदस्यों को संगठन की मजबूती और आने वाले 24 के चुनाव की तैयारियों पर जोर देते हुए पार्टी हित में कार्य करने की बात कही ।श्री पांडेय ने समस्त पदाधिकारियों को आने वाले 27 अगस्त को पीएम की मन को बात को मंडल के प्रत्येक बूथ पर लोगों को एकत्रित कर उनकी बातों को सुनने और फोटोग्राफी कर एप पर लोड कर नम्बर एक बनने के लिए ऊर्जा भरी।अंत में अध्यक्ष ने मंडल में आगामी 16,17 को होने वाली बैठक के लिए प्रस्ताव पारित किया ।इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।संचालन मंत्री राजू दुबे ने किया ।इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला मंत्री राजेश्वरी तिवारी,तुलसीदास राणा,कृपाशंकर पांडेय,महेश सोनी,शशिकांत तिवारी,पवन तिवारी,दिनेश मिश्र,वेदप्रकाश मिश्र,लालजी सिंह,शेरा आदिवासी आदि मौजूद रहे।

### नैनी कोतवाली में आजादी के अमृत महोत्सव मनाया गया



**नैनी।** नैनी थाना कोतवाली परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी, मेरा देश एवं हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में नैनी थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह के द्वारा अधिकारियों कर्मचारियों को अमृत काल के पंचप्रण की शपथ दिलायी गयी।

# खरकौनी में फांसी पर लटका मिला राजगीर



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में पत्नी के मायके जाने से दुखी एक राजगीर मिस्त्री ने बृहस्पतिवार को सुबह घर के अंदर फासी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके इस घातक कदम की जानकारी परिवार को दोपहर बाद तब हुई जब परिजन घर लौटे। उसकी आत्महत्या करने से घर में मात छाया हुआा है। नैनी कोतवाली अंतर्गत खरकौनी मोहल्ला निवासी ज्ञान चंद्र भारती (45) पुत्र गुलाब चंद्र भारती तीन भाइयों में बड़ा था। उसके बहनोई नरेंद्र कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को सुबह वह उठा। मंजन किया, नहाया और नाश्ता किया। इसके बाद घर के लोग अपने काम से चले गए। वह घर पर अकेला था। दोपहर बाद परिवार के लोग जब वापस लौटे तो देखा ज्ञानचंद्र अपने कमरे में रस्सी के फंदे से लटक रहा था ।बहनोई नरेंद्र ने बताया कि उसकी पत्नी ज्योति देवी 15 दिन पहले अपने एक बेटे और दो बेटियों को लेकर मायके बिछोना करेली चली गई थी, तब से वापस नहीं आई, जिसकी वजह से नरेंद्र बहुत परेशान था। वह उसे लगातार बुला रहा था, लेकिन वह आ नहीं रही थी। जेल रोड पुलिस चौकी के दरोगा संजय कुमार ने बताया कि ज्ञानचंद की पत्नी मायके गई थी। पिता सब्जी मंडी गए थे। भाई भी राजगीर मिस्त्री हैं। वह करेली गए हुए थे। इसकी बहन पड़ोस में रहती है। वह दोपहर में हैंड्पंप में पानी भरने गई तो इसका दरवाजा खुला हुआ दिखा। अंदर जाकर देखा तो पता चला कि ज्ञान चंद्र फांसी पर लटक रहा है। उसने शोर मचाया मोहल्ले के लोग इकट्टा हुए। ज्ञानचंद को फंद से उतारकर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### किशोर की गंगा में डूबने से हुई मौत, दूसरे दिन मिला शव



**झूंसी।** दोस्तों के साथ गंगा नहाने गए किशोर की डूबने से मौत हो गई गुरुवार की सुबह उसका शव मछुआरों ने निकाला तब पुलिस ने किशोर के शव को पीएम के लिए भेजा। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था वही पोस्टमार्टम कराने गया सिपाही पर्ची लेकर गायब हो गया जिसकी वजह से पोस्टमार्टम में भी देरी हुई। वहां सिपाही शव को छोड़कर गायब हो गया जिसकी वजह से घंटो बाद पोस्टमार्टम हुआ। किशोर अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। जौनपुर के मछली शहर निवासी चंद्रशेखर मजदूर है। वह झूंसी के आजाद नगर में परिवार के साथ रहता है। बुधवार की शाम को चंद्रशेखर का 10 वर्षीय बेटा मनीष दोस्तों के साथ शमशान घाट पर गंगा नहाने गया था। नहाने के दौरान वह डूब गया बताया जाता है कि उसके दोस्त घर पर लौट आए और डर वश किसी को मनीष के डूबने की जानकारी नहीं दी देर रात तक मनीष के परिजन उसकी खोजबीन में लगे थे। बृहस्पतिवार की सुबह मनीष की लाश घाट पर मिली। मनीष अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था उसकी मौत से मां संगीता देवी का रो रो कर बुरा हाल है।

### बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव पर 10 हजार हर्जाना

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मृतक आश्रित कोटे में रिक्त पद के सापेक्ष नियुक्ति करने के आदेश के विरुद्ध बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव की दाखिल अपील 10 हजार रुपये हजार्ने के साथ खारिज कर दी है ।और दो हफ्ते में हजार्ना राशि जमा कर एकलपीठ के आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है। यह आदेश जस्टिस मनोज कुमार गुप्ता तथा जस्टिस डी. रमेश की खंडपीठ ने बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव के मार्फत दाखिल अपील पर दिया है ।कोर्ट ने एकल पीठ के आदेश को सही माना याची अनूप कुमार सत्संगी की मां इटावा जिले के एक प्राथमिक विद्यालय मे प्रधानाध्यापिका के पद पर कार्यरत थीं। उनकी वर्ष 2013 में सेवाकाल में मृत्यु हो गई। उसके बाद याची ने लिपिक के पद के लिए मृतक आश्रित कोटे में आवेदन किया। तत्कालीन बेसिक शिक्षा अधिकारी ने पद न होने का हवाला देकर याची का आवेदन निरस्त कर दिया था, जिसके विरुद्ध याचिका दाखिल की गई। हाईकोर्ट के पूछने पर बीएसए ने बताया कि वर्तमान में एक पद रिक्त है। कोर्ट ने रिक्त पद के सापेक्ष लिपिक के पद का नियुक्ति पत्र जारी करने का आदेश दिया। इस आदेश का पालन न कर सचिव बेसिक शिक्षा परिषद ने विशेष अपील दाखिल की। खंडपीठ ने एकल पीठ के आदेश को सही माना। साथ ही एकल पीठ के आदेश का तत्काल अनुपालन करने का निर्देश दिया है।

# एयरफोर्स-डे पर एयर-शो की तैयारियों से संबंधित व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री गुरुवार को सेना एवं वायुसेना के अधिकारियों के साथ संगम क्षेत्र/किला पहुंचकर अक्टूबर में एयरफोर्स-डे के अवसर पर आयोजित होने वाले एयर-शो कार्यक्रम की तैयारियों से संबधित व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विचार-विमर्श किया । जिलाधिकारी ने वहां पर वीवीआईपी के बैठने की व्यवस्था, पीएस सिस्टम, कमेन्ट्री बाक्स, पार्किंग की व्यवस्था, संगम क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था, शौचालय, पीने के पानी, जल पुलिस, मेडिकल की व्यवस्था, बोट एम्बुलेंस, रेफरल अस्पताल, कार्यक्रम के अवसर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु जनरेटर की व्यवस्था, एयरपोर्ट से संगम क्षेत्र तक सड़को को ठीक कराने तथा चौराहों पर लाइटिंग की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर सैंडआर्ट तथा लोगों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था हेतु की जाने वाली तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल के पास स्वास्थ्य विभाग की ठीम, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की व्यवस्था तथा ग्रीन कारिडोर बनाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर नो फ्लाइंग जोन एव नो ड्रोन जोन की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होने संगम क्षेत्र में लगे हुये टावरों एवं पुलों पर वार्निंग लाइट लगाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहा है। कार्यक्रम के संबंध में मैपिंग किये जाने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। इस अवसर पर सेना एवं वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारीगणों के अलावा अपर जिलाधिकारी नगर सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

### अमृत काल के पंच प्रण की प्राचार्य डायट ने दिलाये शपथ

**प्रयागराज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज में अमृतकाल के पंच प्रण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें अमृत काल के पंच प्रण की राजेंद्र प्रताप उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट प्रयागराज ने शपथ दिलाई। डायट कैंपस में सुबह प्रातःकाल में मेरी माटी मेरा देश व हर घर तिरंगा अभियान के तहत उत्सव का आयोजन हुआ। प्राचार्य ने उपस्थित समस्त वरिष्ठ प्रवक्ता, प्रवक्ता, कार्यालय स्टाप और समस्त प्रशिक्षु बैच 2021एवं 2023 को अमृत काल के पंचप्रण 1- विकसित भारत का लक्ष्य, 2- गुलामी के हर अंश से मुक्ति, 3- अपनी विरासत पर गर्व 4- एकता और एकजुटता, 5 - नागरिकों के कर्तव्य का भाव, की शपथ दिलाई गई।


**सूचना**

सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड में पॉलिसी संख्या ३११९२८५४१ में शिवांशु त्रिपाठी पुत्र आशुतोष त्रिपाठी दर्ज है जो की गलत नाम है 'सही नाम रुद्र त्रिपाठी पुत्र आशुतोष त्रिपाठी निवासी ग्राम असद पुर सिपाह कौशाम्बी है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड में मेरे पुत्र की पाल्सी संख्या 312770874 में बचपन का नाम सुजल त्रिपाठी अंकित है जो गलत है सही नाम अनंत त्रिपाठी पुत्र आशुतोष त्रिपाठी असदपुर सिपाह कौशाम्बी है सही नाम अनंत त्रिपाठी पुत्र आशुतोष त्रिपाठी समझा जाए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड की पॉलिसी संख्या 313546484 में तरंग गुप्ता मेरा बचपन का नाम दर्ज है जो गलत है मेरा सही नाम सलिल गुप्ता पुत्र दीपक कुमार गुप्ता टाउन एरिया सिराथू वार्ड नंबर 10 सिराथू कौशाम्बी है मेरा सही नाम सलिल गुप्ता पुत्र दीपक कुमार गुप्ता समझा जाए।


# एसीपी मेजा ने ग्राम प्रधानों संघ की बैठक

### ग्रामप्रधानों एवं व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु किया अपील

अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** पुलिस विभाग के निर्देशन में कानून एवं शांति व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने हेतु एवं अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न प्रमुख स्थानों विद्यालयों , प्रतिष्ठानों एवं आम चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु जारी निर्देश के क्रम में थाना पुलिस स्टेशनों पर ग्रामप्रधानों , व्यापारियों के संघ बैठक बुला कर सहयोग किये जाने का आह्वान किया । थाना कोरांव मे बृहस्पतिवार को सहायक पुलिस आयुक्त मेजा अरविंद मिश्रा ने बैठक के उपरांत उक्त आग्रह किया। बता दें की श्री मिश्र एसीपी मेंजा ने ग्राम प्रधानों एवं व्यापारियों से अपने अपने क्षेत्र में तथा प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था तथा अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ऐसे उपकरणों का लगाया जाना उचित स्थान पर नितांत आवश्यक है । उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रभारी एवं उप निरीक्षक अपने अपने कार्य क्षेत्रों में उपकरण के लगवाने हेतु विशेष अभियान चलाकर मुझे अवगत कराएं ताकि जिला पुलिस प्रशासन को अवगत कराया जा सके बैठक में ग्राम प्रधानों ने पुलिस उपायुक्त को सहयोग के लिए आश्वासन भी दिया बैठक में अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

# आपराधिक घटनाओं को रोकने में काम करेगा सीसीटीवी कैमरा : एसओ



**घूरपुर।** घूरपुर थाने में गुरुवार को क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों के साथ एसओ घूरपुर ने बैठक की । बैठक में मौजूद ग्राम प्रधानों के बीच एसओ संजीव कुमार चौबे नेअपराध पर नियंत्रण रखने की बात करते हुए पुलिस प्रशासन की सहयोग की बात की । इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार ने अपराध मुक्त गांव बनाने के लिए हर गांव में ऑपरेशन दृष्टि के तहत गांव के मुख्य मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने की अपील की । आगे कहा कि अपराधी किसी भी वेश में आकर घटना करके चला जाता है बाद में पीड़ित व्यक्ति को तो झेलना ही पड़ता है वरन स्थानीय पुलिस को भी अपराध का अनावरण करने में काफी समस्या होती है। यदि गांवो में सीसीटीवी कैमरे होंगे तो पहले तो घटना नहीं होगी यदि घटना हुई भी तो कैमरे की मदद से घटना का खुलासा जल्द हो जाएगा । इस बीच एसओ ने प्रधानों से पहले अपने अपने घरों में कैमरा लगवाने की बात कही और साथ ही गांव के समग्र व्यक्तियों से भी अपने अपने घरों में लगवाने की बात कही । एसओ की बात पर प्रधानों कैमरा लगवाने में सहयोग की बात कही । इस मौके पर प्रधान सेमरा राजरूप पटेल,प्रधान अमरेहा राम मनोहर,प्रधान चितौरी दारा सिंह,प्रधान पचखरा हीरामन सिंह,पंचम पटेल,भीम सिंह,नियाज अहमद,सुधीर यादव ,प्रधान बिरवल गुलाब निषाद,रामसजीवन रजक आदि प्रधान मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का डीएम ने किया शुभारंभ

## बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल टैबलेट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी प्रकाश चंद श्रीवास्तव ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ छात्राओं को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाकर किया। मुख्य अतिथि का स्वागत जीएम शुक्ला मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया।



बच्चों को एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाते जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

उन्होंने कहा कि एक से 19 वर्ष की किशोर किशोरियों में दूषित भोजन और अनियमित दिनचर्या की कारण उनके पेट में कीड़े उत्पन्न हो जाते हैं। उनका स्वास्थ्य खराब होने लगता है और उन्हें खून की कमी हो जाती है। इस सबसे बचाव के लिए शासन के निर्देश पर 1 वर्ष से 19 वर्ष के सभी किशोर किशोरियों को यह दवा पूरे प्रदेश में एक साथ खिलाई जा रही है और इसी के अंतर्गत यह कार्यक्रम यहां पर आयोजित किया गया है। इस अवसर पर सरदार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ एवं गीता प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ डॉक्टर शमीम हैदर, पीएम राजशेखर, विजय कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मोहम्मद अनीस ने किया। जिलाधिकारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एक निरोगी शरीर रोगों से लड़ने की क्षमता रखता है इसलिए हमें स्वस्थ और निरोग रहना चाहिए। दूषित भोजन और अनियमित जीवनचार्या से किशोरों के पेट में कीड़े उत्पन्न होते हैं, जो खून की कमी पैदा करते हैं और स्वास्थ्य गिरने का कारण बनते हैं। दवा के सेवन से पेट में कीड़े मारेंगे और स्वास्थ्य अच्छा होगा। उन्होंने बेटियों का आह्वान किया और कहा कि कठोर परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। हमें विनम्र होकर शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए। अपने बड़ों का आदर और सम्मान करना चाहिए और सफलता प्राप्त करने के लिए साधना करनी चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़, प्रधानाचार्य एवं प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ ने बुके के माध्यम से किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# बी सी सखी डिजिटल कैंप का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तत्वाधान में गुरुवार को बाबागंज ब्लाक के कई ग्राम सभाओं में बीसी सखी डिजिटल कैंप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाबागंज विकास खण्ड के लालूपट्टी, साहेब अतेरू, रघुवर, रायगढ़, बदगवां, नेवादाखुर्द, रायकशीपुर सहित कुल 22 ग्राम सभाओं में बीसी सखी डिजिटल कैंप कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें उपस्थित समूह की महिलाओं एवं ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, फंड ट्रांसफर के बारे में जानकारी दी गई। जानकारी के साथ-साथ बीसी सखियों को उनके कार्य के साथ हर घर डिजिटल लेन-देन के बारे में बताया गया। बाबागंज बीएमएस राहुल सिंह ने शिविर में ग्रामीणों को डिजिटल लेनदेन के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि लोगों को बैंक में जाकर लाइन लगाकर खड़े होने की जरूरत नही है। वह बीसी सखी के पास ही अपना पैसा जमा कर और निकाल सकते हैं। बीसी सखी द्वारा वृद्ध और गंभीर बीमार व्यक्तियों को बैंक की सारी सुविधाएं उन्हे घर पर ही उपलब्ध हो जाएगी। इस दौरान एडीओ आईएसबी हृदयराम मौर्या, बीएमएम राहुल सिंह, बैंक सखी सरिता सरोज, मंजू देवी, रन्नो यादव, उषा देवी, अनारकली समेत समूहों की महिलाएं, ग्रामवासी और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।



डिजिटल कैम्प में मौजूद बीसी सखी।

# रूरल बार एसोसिएशन ने किया सीओपी नवीनीकरण फीस बढ़ाने का विरोध



कलेक्ट्रेट परिसर में बैठक करते अधिवक्तागण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आज संकट मोचन धाम कलेक्ट्रेट परिसर में एक आवश्यक बैठक ऑल इंडिया रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा सीओपी नवीनीकरण के नाम पर 500 रुपये फीस बढ़ाने तथा सभी अधिवक्ताओं को नवीनीकरण के साथ हाई स्कूल से लेकर एलएलबी तक की सभी दस्तावेज दाखिल करने के नाम पर जो मनमाने तरीके सेआदेश पारित नवीनीकरण के नाम पर परेशान किया जा रहा है, उस पर रोक लगाने तथा बढ़ी हुई फीस कम करने की मांग बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से की गई है। बैठक में जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने कहा है कि अगर हमारी मांग नहीं पूरी होती है तो जो भी बार काउंसिल के सदस्य हमारे जिले में वोट मांगने आएंगे सभी का हम लोग विरोध करेंगे।

बैठक में मुख्य रूप से ऑल इंडिया रूरल बार के उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, मनीष सिंह, दिव्यत सिंह, अरुण सिंह, राजू राहुल गुप्ता, रजनीश मिश्रा, जितेंद्र सिंह भोले, आशीष श्रीवास्तव, उत्तम सिंह, कौशलेंद्र सिंह, रतन पंकज शर्मा, सद्दाम खान, शिवम सिंह, आसिफ सिद्दीकी, मनोज कुमार, शक्ति सिंह, अमजद खान, सचिंद्र सिंह, बीके श्रीवास्तव, अनिल सिंह, प्रशांत दुबे, अतुल सिंह आदि अधिवक्ता लोग उपस्थित थे।

## शिवालयों में जलाभिषेक के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पौराणिक शिवधाम बाबा घुइसरनाथ के जलाभिषेक को लेकर हर रोज श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें लग रही हैं। श्रद्धालु सपरिवार भी यहां पहुंचकर बाबा घुइसरनाथ का दर्शन पूजन कर उनसे सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। वहीं मंदिर परिसर मे बने गंगा सरोवर में श्रद्धालु स्नान कर आनंदित भी होते देखे जा रहे है। धाम परिसर में लगे मेले का भी लुफ्त लोग उठाते दिख रहे हैं। अधिमास को लेकर जगह जगह भण्डारे का आयोजन भी चल रहा है। बाबा घुइसरनाथ धाम के साथ ही इलाके में स्थित शिव धाम बूढ़ेश्वरनाथ, सोमेश्वर नाथ धाम, नर्वदेश्वर धाम, हरिहरम मंदिर आदि शिवालयों पर श्रद्धालु पहुंचकर मत्था टेक रहे हैं। गुरूवार को भी इलाके के मंदिरों मे पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक कर उनसे आशीर्वाद मांगा।

# औद्योगिक क्षेत्र सुखपाल नगर में बदमाशों ने मुनीम व चौकीदार को घायल कर की लूटपाट

## 60 हजार रुपये नगद तथा सीसीटीवी कैमरा तोड़कर उठा ले गये चोर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लीलापुर कोतवाली क्षेत्र के सुखपाल नगर औद्योगिक क्षेत्र के राइस मिल में चोर दीवार फांदकर घुसे और मुनीम व चैकीदार को कट्टे की नोंक से घायल कर राइस मिल की आलमारी में रखे 60 हजार रुपये उठा ले गये। इसी के साथ चोर सीसीटीवी कैमरा को तोड़कर उठा ले गये। लगभग आधे घंटे तक चोरों ने यह लूटपाट की। चोरों के जाने के बाद चैकीदार ने मिल के मालिक जगदीष जायसवाल को फोन कर सूचना दी तो मिल मालिक ने घटना की सूचना कोतवाली लीलापुर में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी भी पहुंचे और मामले की गहराई से छानबीन कर रहे हैं। जिले के औद्योगिक क्षेत्र में हुई इस घटना से व्यापारियों में भी रोष है।



चोरों द्वारा तोड़ी गई आलमारी।

कटरा मेदनीगंज लीलापुर कोतवाली के सुखपाल नगर औद्योगिक क्षेत्र में राइस मिल में चोरों ने दीवार फाड़कर लूटपाट की। जगदीश जायसवाल निवासी कटरा मेदनी गंज की औद्योगिक क्षेत्र सुखपाल नगर में राइस मिल स्थित है ।रात करीब दो बजे चोरों ने दीवार फांद कर बरामदे में सो रहे मुनीम अमृतलाल निवासी सुल्तानपुर तथा चैकीदार राम लखन पटेल निवासी पटेल नगर प्रतापगढ़ सिटी को पीट कर घायल कर दिया तथा दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और अलमारी में रखे हुए 60 हजार रुपये तथा सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर उठा ले गए। चोरों के जाने के बाद चैकीदार ने मिल मालिक को फोन पर सूचना दी। सुबह मलिक ने कोतवाली लीला पुर में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

## गोवध का आरोपी गिरफ्तार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र के सकरा बाजार के पास से गुरुवार सुबह लगभग साढ़े छः बजे थाने के उपनिरीक्षक राहुल कुमार ने मुखबिर की सूचना पर गोवध निवारण अधिनियम के एक आरोपित को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह कहीं भागने की फिराक में था। पुलिस ने उसका चालान कर कोर्ट में पेश किया वहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसओ कंधई धीरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि गोवध निवारण अधिनियम के आरोपित आशिक अली उर्फ राज अली निवासी सकरा को गिरफ्तार कर उसका चालान कर जेल भेज दिया गया।

## सास के साथ दर्शन करने गई विवाहिता बेटी के साथ गायब

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की एक 24 वर्षीय विवाहिता अपनी सास के साथ दो वर्ष की बेटी को लेकर घर से एक किलोमीटर दूर स्थित एक धार्मिक स्थल पर दर्शन पूजन करने गई थी। इसी दौरान सास जब मंदिर पर पूजन अर्चन में लगी तो विवाहिता अपनी दो वर्ष की बच्ची को लेकर अचानक गायब हो गई। विवाहिता के अचानक गायब होने से परेशान सास ने धार्मिक स्थल पर अपनी बहू की खोजबीन के साथ ही इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने भी उसकी खोज संभावित स्थानों पर की लेकिन कोई पता नहीं चला तो विवाहिता की सास ने दिलीपपुर थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसओ दिलीपपुर राधेश्याम ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर विवाहिता की खोज के साथ ही जांच पड़ताल की जा रही है।

# कट गए चकमार्ग पर लगे हरे नीम के पेड़

## गांव के एक युवक ने बेचा, प्रधान ने की शिकायत पर पहुंचे वनाधिकारी लौटे बैरंग

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गुरुवार को चकमार्ग पर लगे हरे नीम के पेड़ को गांव का ही एक व्यक्ति ठेकेदार के हाथ बेच दिया। वन माफिया भी हरे पेड़ों की कटाई शुरू कर दी ।जानकारी पर प्रधान ने वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन विभाग के लोग बिना कार्रवाई के ही बैरंग लौट गए।

स्थानीय वन क्षेत्र के मधुकरपुर गांव में चकमार्ग पर नीम के कई पुराने पेड़ स्थित है। गांव के ही हरी लाल बर्मा उसे एक ठेकेदार के हाथ बेच दिया ।हरे नीम के पेड़ो की कटान शुरू हो गई। गांव के किसी ने मामले की जानकारी प्रधान को दे दी। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह पेड़ो के कटान को रोक दिया। मामले की शिकायत अधिकारियो से की। सूचना पर वन विभाग के साथ ही रानीगंज कैथौला पुलिस भी पहुंच गई। आरोप है की मौके पर पहुंचे विभागीय लोग कार्रवाई न कर बैरंग तहसील मुख्यालय चले गए। साथ ही प्रधान ने यह भी कहा कि जब कार्रवाई के बाबत पूछा तो वनाधिकारी ने बताया कि कार्रवाई ठेकेदार पर नही होगी जिसने पेड़ बेचे है उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जब कि मौके पर ठेकेदार के साथ पेड़ बेचने वाला व्यक्ति भी मौजूद था,लेकिन उन पर कार्रवाई की बात तो दूर की है काटे गए हरे पेड़ो को किसी की सुपुर्दगी में भी नही रखा गया ।इस संबंध में डीएफओ जेपी श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने कहा की मैं रेंजर से बात करता हूँ।



चकमार्ग पर काटे गये हरे नीम के पेड़।

## आखिर कैसे हो पर्यावरण की सुरक्षा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पर्यावरण सुरक्षित रहे इस लिए सरकार पौधारोपण करवा रही है। वहीं स्थानीय प्रशासन की लापरवाही कहे या मौन स्वीकृति, आए दिन कहीं न कहीं हरे पेड़ों की कटान होती ही रहती है। यही हाल रहा तो पर्यावरण की सुरक्षा कैसे संभव है।

# आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन होना है: आचार्य योगेश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखण्ड अर्न्तगत देउम पश्चिम स्थित बाबा बूढ़ेश्वर नाथ धाम मंदिर परिसर में चल रहे शिवमहापुराण कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यहां अधिमास में बाबा के जलाभिषेक को पहुंचे श्रद्धालु शिवमहापुराण कथा का श्रवण भी कर रहे हैं। कथा व्यास आचार्य योगेश महराज ने श्रद्धालुओं को विस्तार से शिव विवाह की कथा सुनाई।

उन्होंने कहा कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव मे लीन हो जाना है। भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गये हैं परन्तु उन्होंने विवाह करके गृहस्थ आश्रम में रहकर वैराग्य एवं योग धर्म का अनुसरण करने का तरीका बताया है। कथाव्यास ने कहा कि शिव के गले में सर्प का होना सभी प्रकार की विपरीत विचारधाराओं के बीच सामंजस्य बनाने का संदेश देता है। उन्होने हिमालयराज व उनकी पत्नी मैना देवी तथा पुत्री के रूप में मां पार्वती का वर्णन बताते हुए शिव विवाह की कथा सुनाई। कथा के बीच बीच में महिलाओं के भजन से वातावरण और भक्तिमय होता दिखा। कथा के दौरान मंदिर परिसर में शिव बारात भी निकाली गयी। आचार्य धीरेन्द्र तिवारी, आचार्य शैलेन्द्र तिवारी, आचार्य दीपमणि मिश्र, पप्पू तिवारी, नीलम तिवारी, शिवकली तिवारी, रामकृष्ण नन्हें नगरहा, कैलाशपति, सूरज तिवारी, विपिन मिश्र, सौरभ मिश्र, शुभम, आचार्य करूणासागर तिवारी, पं. उपेन्द्र मिश्र आदि रहे।

## श्रद्धालुओं ने की लोकमंगल की कामना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिमास में भूतभावन भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के साथ ही श्रद्धालु सामूहिक रूप से ऊँ नमः शिवाय का जाप हवन आदि भी पूरी आस्था से कर रहे हैं। अनेहरा रामपुर बावली के सुन्दर नगर स्थित पंचवटी धाम में लोकमंगल के निमि×ा सामूहिक रूप से श्रद्धालुओं ने ऊँ नमः शिवाय का जाप किया। शिवभक्तों ने भगवान शिव को जलाभिषेक कर सामूहिक कल्याण के लिए प्रार्थना भी किया। धार्मिक अनुष्ठान का मुख्य संयोजन पूर्व प्रधान व समाजसेवी रमाशंकर शुक्ल, बलराम शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद मंदिर परिसर के समीप आयोजित भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान भोलेनाथ से सर्वमंगल की कामना भी किया। कार्यक्रम में आयोजन समिति के श्यामशंकर शुक्ल, रामकृष्ण शुक्ल, राज नारायण शुक्ल, राकेश चतुर्वेदी, सुनील ओझा, भुवनेश्वर शुक्ल, हरिश्चंद्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत पट्टी में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को समर्पित अभियान के दृष्टिगत कार्य योजना के अनुसार वार्ड नंबर 2 स्थित पार्क में शिलापट का उद्घाटन कर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह के प्रतिनिधि विनोद पांडेय,अध्यक्ष नगर पंचायत पट्टी अशोक कुमार जायसवाल और अधिशासी अधिकारी महेंद्र सिंह द्वारा उपस्थित समस्त सभासद एवं कर्मचारियों को पंचप्रण की शपथ दिलवाई और सभी सभासद बंधु अपने वार्ड की मिट्टी को उपस्थित है कलश में डाला।

इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, सभासद राजेश सरोज, ब्रह्मदेव सिंह, संतोष पुष्पाकर, अतुल सिंह, राम चरित्र वर्मा, रजनीश मौर्या, सत्यप्रकाश जायसवाल, गौरव श्रीवास्तव, सजीवन सोनी, रमेश सोनी, राजकुमार वर्मा, शिवकुमार पांडे, राजेश दुबे, विजेंद्र सोनी, मण्डल अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा, मनोज खंडेलवाल, अब्बास नेता अक्षत जायसवाल मौजूद रहे।

# रोशनलाल उमरवैश्य को मिली श्रवण कुमार की उपाधि

## वृद्धाश्रम महुली में वृद्धजनों ने किया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश व वृद्धाश्रम महुली प्रबंधक द्वारा संयुक्त रूप से वृद्धाश्रम महुली परिसर में वृद्धाश्रम के वृद्धजनों ने पूरे वर्ष की गई रोशनलाल उमरवैष्य की कार्य के रूप में सेवा से उन्हें वर्तमान युग के श्रवण कुमार की संज्ञा दी गई।

सृजना साहित्यिक संस्था, अम्मा साहेब ट्रस्ट व भारतीय जीवन बीमा निगम यूनिट 31102 समेत जनपद के प्रबुद्धजनों ने मूल्यवान उपहार व प्रतीक चिन्ह व पुरस्कारों से सम्मानित करते हुए रोशनलाल को मानवता का मसीहा बताया। गौरतलब है कि रोशनलाल वृद्धाश्रम में श्रीमद् भागवत कथा, रुद्राभिषेक, मातृ दिवस, पितृ दिवस तथा वृद्धजनों के जन्मदिन पर उत्सव इत्यादि कार्यक्रम करके वृद्धों के दिलों में बस गए हैं। समारोह में राष्ट्रीय पत्रिका पत्रकार सुमन के रोशनलाल अंक का विमोचन हुआ। मुख्य अतिथि बौद्ध चिंतक भंते कल्याण मित्र ने कहा कि जो हमेशा सत्कर्म करते हैं उन्हीं का जीवन सार्थक होता है। अध्यक्षता कर रहे पूर्व बाल न्यायाधीश व लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि सेवा ही धर्म है लोगों को रोशनलाल उमरवैश्य का अनुसरण करना चाहिए ये सब के लिए प्रेरणा सोत्र हैं। संचालन शिक्षाविद् राकेश कनौजिया ने किया। मुस्लिम वृद्ध आसिफ अली ने कहा कि रोशनलाल सेवा करने में धर्म-पंथ नहीं देखते मुझे भी वही प्यार देते हैं जो सबको देते हैं। इस अवसर पर राजीव कुमार आर्य, अखिल नारायण सिंह, मान सिंह, अंबिका प्रसाद, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, रेखा उमरवैश्य, जय राम, कुंज बिहारी लाल मौर्य, अमरनाथ गुप्ता, श्रीनाथ मौर्य, विवेक यादव, अमन गुप्ता, आदर्श कुमार, आशीष कुमार, सनी तिवारी, ऋषभ, आशीष लाइट, प्रशांत पांडे, सौरभ पांडे, धर्मेंद्र कुमार, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे। अंत में एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय निदेशक रोशनलाल उमरवैश्य ने सब के प्रति आभार जताया।




पत्रिका का विमोचन करते अतिथिगण।

# नगर पंचायत के वाहनों के पंजीकरण और कागजात न होने पर डीएम को लिखा पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत रामगंज में साफ सफाई के लिए लगी गाड़ियों तथा अन्य उपकरणों का पंजीकरण तथा आवश्यक कागजात न होने की शिकायत रामगंज नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर किया है।

नवसृजित रामगंज नगर पंचायत के चुनाव के पहले ही नगर पंचायत में चल रहे कार्यों के लिए फर्म मेसर्स सागर इंटर प्राइजेज, राज इंटरप्राइजेज और धन्या इंटरप्राइजेज द्वारा वर्ष 2021-22 में गाड़ियों की सप्लाई की गई थी जिसमे मिनी ट्रिपर, सेफ्टी टैंक, फागिंग मशीन, सिंगल बैरल फागिंग मशीन, डबल बेरिंग फागिंग मशीन स्काई लिफ्ट, ट्रैक्टर, ट्राली आदि गाड़ियां दी गई थी। नगर अध्यक्ष राकेश सिंह का कहना है की कई बार कहने के बाद भी गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन वी कागजात उपलब्ध नहीं कराए गए, और न ही गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन हो सका है। गाड़ियों की चोरी या खराब होने की दशा में परेशानी बढ़ सकती है।

नगर अध्यक्ष रामगंज ने इस संबंध में जिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी से जांच करवाते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## खो, खो और बॉस्केट बाल की टीम विजई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कंपोजिट स्कूल गोंडे में ब्लाक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का ट्रायल सदर व्यायाम शिक्षक शैलेंद्र सिंह शैलू की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ हेड मास्टर जेपी मिश्रा ने किया। जिसमें खो, खो में गोंडे की बालक और बालिका टीम विजई हुई। वहीं वाक ओवर पाकर कंपोजिट जोगापुर की टीम जीत गई। गेम टीचर ने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी निर्देश पर हुई प्रतियोगिता में स्कूलों की टीम ने भाग लिया था। इस मौके पर महेश मणि, जय प्रकाश, मंजीत सिंह,अजय कुमार, दिलीप, संजय सोनी, राम उजागिर मिश्रा, मकदूम समेत कई टीचर मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची प्रकाशित आपत्ति दाखिल करने की अन्तिम तिथि 16 अगस्त

**कौशाम्बी।** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 25 के अपबन्धां के अनुसरण में जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार ने निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 50-कौशाम्बी अ0जा0 संसदीय क्षेत्र में समाविष्ठ 251-सिराथू, 252-मंझनपुर अ0जा0 एवं 253-चायल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान क्षेत्रों या मतदान समूहों के लिए आलेख्य सूची प्रकाशित किया है, जो सम्बन्धित क्षेत्र के उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में अवलोकनार्थ निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। आलेख्य सूची में अंकित किसी प्रविष्टि में संशोधन के लिए आपत्ति दाखिल करने के लिए अन्तिम तिथि 16 अगस्त 2023 निर्धारित की गई है।

# महिला स्वास्थ्य कर्मी की लापरवाही से जच्चा बच्चा की मौत, अस्पताल में जमकर हंगामा

**पुलिस ने मामले को कराया शांत, सरकारी अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत का यह मामला बेहद गंभीर है**

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशांबी।** नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अझुवा में आज गुरुवार को नर्स की लापरवाही से जच्चा बच्चा की मौत हो जाने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया है वहीं सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया है,परिजनों ने किसी प्रकार की कानूनी कारवाई से इंकार किया है। नगर पंचायत अझुवा वार्ड 1 भौंटर निवासी राम अवध गौतम ने बताया उसकी पत्नी सुशीला देवी उम्र 28 वर्ष को प्रसव पीड़ा होने पर आज गुरुवार सुबह 10 बजे नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अझुव ले आया यहां कार्यरत महिला स्वास्थ्य कर्मी पूर्णिमा देवी ने बताया कि लगभग 12 बजे तक नार्मल प्रसव हो जायेगा 11.30 बजे प्रसव हो गया किंतु प्रसव होने के बाद राम अवध को बच्चा देकर दूसरे प्राइवेट अस्पताल भेजा गया कि बच्चा गंभीर है फला प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवा दो राम अवध बच्चे को लेकर सिराथू गया जहां डॉक्टर ने उसके मौत की पुष्टि कर दी राम अवध ने बताया कि इसी दरम्यान पत्नी के गंभीर स्थिति बताकर उसे जानकारी दी गई राम अवध ज्योंहि नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा पत्नी को गंभीर स्थिति में पाया और प्राइवेट वाहन से किसी दूसरे अस्पताल ले जाने लगा किंतु महिला की रास्ते में ही मौत हो गई जच्चा बच्चा की मौत की सूचना से गरीब परिजन अक्रोशित हो कर नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर जमकर हंगामा कर पूर्णिमा देवी नर्स पर आक्रोश व्यक्त करने लगे आरोप लगाया कि जब स्थित खराब थी तो रिफर क्यों नहीं किया और प्राइवेट अस्पताल के लिए क्यों भेजा गया। वहीं पूर्णिमा नर्स ने कहा कि उसने मृत महिला सुशीला देवी की सास को रिफर पर्ची दी थी वहीं वृद्ध महिला सास सुखरानी ने कहा न तो कोई रिफर पर्ची दी गई न उससे कोई अंगूठा लगवाया गया है सरकारी अस्पताल में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत का यह मामला बेहद गंभीर है और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए लापरवाही बरतने वाले चिकित्सकों और नर्स पर बड़ी कार्यवाही किए जाने की जरूरत है।

# अधिकारियों को विभागीय योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करने के डीएम ने दिए निर्देश

**गोल्डेन कार्ड बनाने में सहयोग न करने वाले/लापरवाही बरतने वाले पंचायत सहायकों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही के निर्देश**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत सौंपे गये दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए कार्यक्रमां का आयोजन सफलतापूर्वक कराना सुनिश्चित करें तथा कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स बेवसाइट पर अवश्य अपलोड कराया जाय। उन्होंने कहा कि हर-घर तिरंगा कार्यक्रम को भी सफलतापूर्वक सम्पन्न करायी जाय, किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष 15 अगस्त 2023 तक पौधारोपण कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायतों को गुणवात्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत निस्तारित किया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर न होने पाये, शिकायत डिफाल्टर होने पर सम्बन्धित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी। बैठक में सार्वजनिक स्थल पर उचित दर दुकानों/मॉडल शॉप के निर्माण की प्रगति के सम्बन्ध में बताया गया कि 16 मॉडल शॉप का निर्माण कार्य चल रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष सभी मॉडल शॉपों के लिए स्थल चिन्हित कर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने के निर्देश दियें है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, जल निगम से कहा कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को शीघ्र ठीक कराया जाय, लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने निराश्रित गोवंश की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि आवारा घूम रहें गोवशों को पकड़वाकर गौशालाओं में संरक्षित किया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी गोवंश आवारा घूमते हुए न पायें जाय। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि गौशालाओं के लिए चिन्हित शत-प्रतिशत चारागाहों में चारे की बुआई सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाये जा रहें गोल्डेन कार्ड की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि गोल्डेन कार्ड बनाये जानें के कार्य में सहयोग न करने वाले/लापरवाही बरतने वाले पंचायत सहायकों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्हांने आकांक्षात्मक विकास खण्ड-मंझनपुर एवं कौशाम्बी की समीक्षा के दौरान सभी सम्बन्धित अधिकारियों को विभागीय योजनाओ में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें। उन्होने सभी समबन्धित अधिकारियों को गोद लिये गये विद्यालयों/ऑगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्यमंत्री डैश बोर्ड की समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों को डैश बोर्ड पर प्रदर्शित अपनी-अपनी योजनाओं में प्रगति/समय से फीडिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल एवं झटपट पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को भी समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आयुष्मान भारत योजना, ऑपरेशन कायाकल्प, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण आदि योजनाओं की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह एवं डीएफओ आर0एस0 यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### शातिर चोरों ने घर के बाहर खड़ी मैजिक गाड़ी की बैट्री व स्टेपनी कर दिया पार

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र में बीते कुछ महीनों में लगातार चोरी की घटना सामने आ रही है। बीते कुछ महीनों में चरवा थाना क्षेत्र इलाको में चोरों के हौसले बुलंद हैं आए दिन बेखौफ चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं पुलिस सोती रह जाती है। पुलिस पस्त चोर मस्त है। चोरों को पकड़ने की बात छोड़ो चरवा पुलिस को उनकी भनक तक नहीं लगती हैं। इस तरह की लगातार चोरी से इलाके के लोगो में दहशत का माहौल है लोग रात में चैन से सो नहीं पाते हैं उनको डर है कि कही चोर उनके घरों में चोरी न कर जाए। बहादुरपुर पुरे अयोध्या और अन्य जगहों पर हो चुकी बड़ी चोरी अब कहा की बारी है इस आशंका में ग्रामीण भयभीत है आखिर चरवा पुलिस चोरों के सामने इतनी लाचार क्यो है सोचने का विषय है। देखते ही देखते आखिर 9 अगस्त की रात राकेश पटेल पुत्र राम बरन निवासी ग्राम पिपरी मजरा चरवा थाना चरवा के घर के बाहर खड़ी स्कूली मैजिक वाहन से शातिर चोर बैट्री व गाड़ी की स्टेपनी खोल कर उठा ले गए जिसकी शिकायत राकेश ने गुरुवार को थाना चरवा में की हालाकि चोरी की यह शिकायत पुलिस ने दर्ज कर जांच में जुट गई है मगर सवाल यह है की पूर्व में हुईं चोरी का खुलासा कब होगा।

### सपाइयों की साइकिल रैली का जगह-जगह भव्य स्वागत



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज हाइवे से सपाइयों ने साइकिल रैली निकाली व जगह जगह पर कोखराज, चाकवन ,ककोढा ग्राम में भी जिला सचिव वरुण शुक्ला अपने क्षेत्रीय सहयोगियों व पदाधिकारियों के साथ सपाइयों के जुलूस का राष्ट्र संत रजनीशाचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रोंचार के साथ स्वागत किया व जुलूस में मौजूद पदाधिकारियों को लड्डू खिलाकर व पानी पिलाया रैली की अध्यक्षता युवावाहिनी के जिला अध्यक्ष ने मौजूद जनमानस को भाजपा सरकार के जनता से किया धोखा व महंगाई,भ्रष्टाचार, व देश की बदहाली, दुर्दशा व पूजीपतियो के हाथों की कठपुतली की बात की चर्चा करने के बाद आग्रिम पडाव की ओर रवाना हुए मौके पर मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिला पंचायत सदस्य पति सोनई ,सुरेश दुबे, मलखान शुक्ल, जीवन शुक्ल, ननकू दुबे, निहोरे दिवाकर, शिवनाथ, रामबाबू केसरवानी, चकेठी कुम्हार, बृजलाल रैदास, आदि सैकड़ों लोग रैली में मौजूद रहे।

### पार्षद सूरज यादव ने कार्तिक को पोलियो का डोज पीला कर किया उद्घाटन



**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 12 कृष्णा नगर के पांडेमऊ में गुरुवार को सरकार द्वारा संचालित योजना सघन मिशन इंद्रधनुष योजना के तहत कार्तिक सरोज पुत्र उमेश सरोज को पोलियो व रोटा वायरस की खुराक पिला कर पार्षद सूरज यादव के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया साथ ही एएनएम बबिता सिंह द्वारा पेंटा टीका का टीकाकरण किया गया अनीता देवी पत्नी दिलीप अर्कवंशी, मैना देवी व अन्य लोगों को फाइलेरिया जैसी घातक बीमारी के लिए आईवर मैक्सीन डीसी व फाइलेरिया जैसी दवाई पार्षद ने स्वयं खाई और लोगों को खाने के लिए जागरूक किया गया । पार्षद सूरज यादव ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य पर लगातार ध्यान दे रही है समय-समय पर सभी प्रकार के टीकाकरण किया जा रहा है मुफ्त में इलाज किया जा रहा है बीमारियों से निपटने के लिए 500000 का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है इसका लाभ हर गरीब तबके के लोगो को मिल रहा है इस मौके पर मुख्य रूप से एएनएम बबिता सिंह अंगनाबाड़ी कार्यकत्री अनीता द्विवेदी,आशा बहन गीता देवी,दिलीप मिश्रा,तिलक राज सरोज,नीरज सिंह,अरविंद यादव,अजय सरोज शानू राजकुमार सरोज, दयाराम सरोज, भैय्यालाल सरोज,बसंत लाल गौतम अरविंद सरोज सहित तमाम लोग उपास्थित रहे।

### प्रधान की बहाली होने पर समर्थकों ने मनाया जश्न

**कोखराज कौशांबी।** सिराथू तहसील के अन्तर्गत ककोढा ग्राम पंचायत में प्रधान रामकली पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा था जिस पर जिलाधिकारी ने 3 सदस्यीय टीम गठित कर ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की जांच कराई थी जांच के दौरान जांच टीम ने प्रधान को दोषी पाया और उनके अधिकार छीन लिए गए जिस पर ग्राम प्रधान ने हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर न्याय की फरियाद की हाई कोर्ट ने 3 सदस्यीय टीम के आदेश को निरस्त कर दिया है और ग्राम प्रधान के अधिकार को बहाल कर दिया है फिर से प्रधानी बहाली होने की जानकारी मिलने के बाद प्रधान सहयोगियों में खुशियों का महौल है प्रधान प्रतिनिधि वरुण शुक्ला व अन्य सहयोगी लोगों ने एक दूसरे को लडडू खिलाकर खुशी का इजहार किया वही मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान पति शिवकरन राजपूत को मौजूद सभी लोगों ने प्रधानी बहाल होने पर बधाई दी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरे युवक की इलाज को ले जाते वक्त मौत



अखंड भारत संदेश

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढा ग्राम पंचायत में बुधवार की आधी रात को रहस्यमय परिस्थितियों में छत से गिरे युवक को इलाज के लिए ले जा रहे थे अस्पताल पहुंचने के पूर्व रास्ते में युवक की मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ग्रामीणों का कहना है कि भाइयों के बीच घटना के कुछ देर पहले किसी बात को लेकर विवाद भी हुआ था युवक छत से कैसे गिरा यह बड़ी जांच का विषय है। जानकारी के मुताबिक कोकराज थाना क्षेत्र के सकाढा गांव निवासी मोहम्मद कैश उम्र लगभग 18 वर्ष पुत्र मोहम्मद सैफुद्दीन का अपने भाइयों से विवाद चल रहा था बुधवार की शाम को भी भाइयों के बीच विवाद हुआ था जिसमें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई थी परिजनों के मुताबिक बुधवार की रात्रि लगभग 10:00 बजे छत से मोहम्मद कैश गिर गया यह मकान गांव के बाहर है जिससे वहां कोई नहीं रहता है छत से गिर जाने से वह गंभीर घायल हो गया मामले की जानकारी मिलने के बाद रात्रि 11:00 बजे उसके भाई दुकान बंद करके जब गांव के बाहर वाले मकान पर पहुंचे तो देखा कि उसका भाई मोहम्मद कैश छत के नीचे गिर पड़ा है और गंभीर रूप से घायल है जिस पर परिवार के लोगों का कहना है कि उसे इलाज के लिए प्रयागराज नारायण स्वरूप अस्पताल ले जा रहे थे रास्ते में मोहम्मद कैश की मृत्यु हो गयी है।

## पंखे मे उतरे कंरट की चपेट मे आने से युवक की मौत



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नम्बर 17 सरजूदास खलीलाबाद निवासी जवाहर लाल के चार लडके हैं जिसमे सबसे छोटा बेटा सुधीर उर्फ चट्टू उम्र लगभग 24 वर्ष इलाहाबाद मे भाइयों के साथ खुल्दाबाद मे रह कर प्रयागराज स्टेशन पर पूडी सब्जी चाय बिस्कुट पानी ट्रेनो पर बेंचने का काम करता था बुधवार की दोपहर तीन बजे के बाद काम से वापस आकर घर पर खाना कर कमरे मे सो गया? नजदीक मे रखा टेबल फैन जिसमे करंट कभी कभी उतरता था सोते समय हाथ लगने से करंट की जद मे आ गया और उसकी मौत हो गयी काफी देर शाम तक कमरे का दरवाजा खुला देख पड़ोसियों ने चौक? मे सब्जी का काम कर रहे बडे भाई अनिल को सूचना दी की घर का दरवाजा खुला है और आवाज देने पर कोई जवाब नही मिल रहा है तो अनिल दुकान से आकर देखा तो होश उड गये चट्टू करंट की चपेट मे आने से जमीन पर पडा था घटना की जानकारी जब घर वालो को हुई तो कोहराम मच गया देर रात शव को इलाहाबाद से घर भरवारी लाया गया सुधीर चार भाइयो मे सबसे छोटा था।

### आंख रोग के बढ़े रोगी सरकारी अस्पताल के चिकित्सक गायब

**कौशांबी।** मौसम बदलने के चलते इन दिनों आंख के रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ी है जिससे नेत्र रोग से पीड़ित लोगों की भीड़ सरकारी अस्पताल से लेकर निजी अस्पतालों तक देखी जाती है लेकिन सरकारी अस्पताल में नेत्र सर्जन से लेकर नेत्र चिकित्सक गायब है जिससे मरीजों को इलाज नहीं मिल पाता और मरीजों का मर्ज बढ़ता जा रहा है ताजा मामला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा का है जहां नेत्र चिकित्सक और नेत्र सर्जन मौजूद नहीं मिलते हैं सुबह से देर शाम तक नेत्र चिकित्सक के इंतजार में मरीज अस्पताल में बैठे इंतजार करते रहते हैं लेकिन उन्हें दवा नहीं मिल पाती जिले के अन्य सरकारी अस्पतालों का भी यही हाल है जिला अस्पताल तक में नेत्र रोग सर्जन चिकित्सक प्रतिदिन मरीजों को नहीं मिलते हैं लेकिन उसके बाद भी नेत्र रोग पर बड़े-बड़े भाषण देने वाले मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उनके मातहत नेत्र चिकित्सकों को ड्यूटी पर उपस्थिति कराने का प्रयास नहीं कर रहे हैं सवाल उठता है कि जो नेत्र चिकित्सक इस गंभीर समय में अपनी ड्यूटी पर मौजूद नहीं है उन चिकित्सकों को निलंबित बर्खास्त करने की कार्यवाही करने में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इतना संकोच क्यों है लोगों ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नेत्र चिकित्सकों और सर्जन पर कठोर कार्यवाही की मांग करते हुए चिकित्सकों की तैनाती और मुख्य चिकित्सा अधिकारी की लापरवाही पर उन्हें निलंबित किए जाने की मांग की है।

# फाइलेरिया से बचाव की दवा खाकर डीएम ने किया फाइलेरिया रोग उन्मूलन अभियान का शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने आज सीएमओ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में फाइलेरिया रोग से बचाव की दवा खाकर फाइलेरिया रोग उन्मूलन अभियान का शुभारम्भ किया तथा जनपदवासियों से अपील की कि स्वास्थ्यकर्मी आपके घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलायेंगे, दवा अवश्य खायें। सीएमओ डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार ने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 अगस्त से 28 अगस्त 2023 तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलायेंगे। फाइलेरिया संक्रमण से बचने का एक मात्र उपाय समय पर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करना है। इस दवा को वर्ष में सिर्फ एक बार एवं 03 वर्षों तक लगातार खाना है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक गम्भीर और लाइलाज बीमारी है, जो मच्छर के काटने से होती है, लेकिन इससे बचाव सम्भव है। मच्छर कभी भी किसी को भी कहीं भी काट सकता है। इसके लक्षण आने में 05 से 15 वर्ष लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह दवा एक वर्ष से कम उम्र के बच्चो गर्भवती महिलाओं और अति गम्भीर लोगों को छोड़कर हर किसी को खानी है। यह दवा खाली पेट नहीं खाना है। दवा खाने के बाद किसी-किसी को जी मिचलाना, चक्कर या उल्टी आना, सिर दर्द, खुजली की शिकायत हो सकतीं हैं, ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है। ऐसा शरीर में फाइलेरिया के परजीवी होने से हो सकता है, जो दवा खाने के बाद मरतें हैं। ऐसी प्रतिक्रिया कुछ देर में स्वतः ठीक हो जाती है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 अनुपमा मिश्रा ने बताया कि जनपद में अब तक फाइलेरिया के 1045 मरीज चिन्हित किये गये हैं। इनमें 658 से लिम्फोडीमा और 387 रोगी हाइड्रोसील के हैं। स्वास्थ्य विभाग के 1640 टीमों के जरिये बूथ एवं घर-घर जाकर दवा सेवन सुनिश्चित करवाया जायेगा।

## न्यूज झरोखा

### जिलाधिकारी ने मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत पंच-प्रण की दिलाई शपथ



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन के अधिकारियों/ कर्मचारियों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों को आज कलेक्ट्रेट स्थित बौद्ध वाटिका में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत पंच-प्रण की शपथ दिलाई इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं डॉ0 विश्राम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### सभी शासकीय स्कूली छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से निकाली प्रभात फेरी



**कौशाम्बी।** आजादी के अमृत महोत्सव समापन अवसर पर मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ पूरा देश भर में 9 अगस्त से हो रहा इसी कार्यक्रम के तहत नगर पालिका परिषद मंझनपुर के वार्ड नं 24 संत कबीर नगर ओसा में उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी शासकीय स्कूली छात्र-छात्राओं की प्रभात फेरी सामूहिक रूप से निकाली गई। प्राथमिक विद्यालय ओसा प्रथम और पूर्व माध्यमिक विद्यालय ओसा के बच्चों और अध्यापकों द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी तिरंगा यात्रा निकाली गई।पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं की सामूहिक प्रभात फेरी नगर के मुख्य मार्ग से निकली प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में सामूहिक झंडा वंदन कार्यक्रम हुआ एवं सभी ने मिट्टी हाथ में लेकर शपथ ली।प्रभात फेरी तिरंगा यात्रा में सभासद प्रतिनिधि आर्यवीर एवम विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

### मेरी माटी मेरा देश शहीदों के नाम पर लिया शपथ



**बेनीराम कटरा कौशाम्बी।** खण्ड बिकास अधिकारी नेवादा प्रदीप कुमार मौर्य के द्वारा ब्लॉक नेवादा में मेरी माटी मेरा देश शहीदों के नाम पर कर्मचारियों को शपथ दिलाया गया शपथ के मौके पर कर्मचारियों ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाएंगे गुलामी की मानसिकता को जड़ से निकाल फेकेगे देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे एकता और एकजुटता के लिए कर्तव्यबध्द रहेंगे नागरिक के कर्तव्य निभाएंगे देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे भारत को 2047 में बिकसित देश बनाने का सपना साकार करेंगे इस मौके पर सुनील कुमार सिंह एडीओ समाज कल्याण एवं ब्लॉक के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे ।

### मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत नेशनल इं.का. में कार्यक्रम आयोजित




**भरवारी कौशाम्बी।** शासन द्वारा निर्धारित आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन 10 अगस्त को नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में किया गया विद्यालय के प्रबंधक रवि नारायण तिवारी के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीम अहमद के द्वारा एनसीसी कैडेट्स एवं छात्रों की प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर विद्यालय प्रांगण से रवाना किया इस अवसर पर भुवनेश्वर कुमार तिवारी एनसीसी एएनओ पंकज कुमार एवं प्रवक्ता श्रीमती माया तिवारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### प्रथम स्थान पाने वाले छात्र को विद्यालय प्रबंधक ने दी साइकिल



**भरवारी कौशाम्बी।** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में विद्यालय के प्रबंधक रवि नारायण तिवारी एवं प्रधानाचार्य कलीम अहमद के द्वारा हाई स्कूल परीक्षा 2023 में विद्यालय में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र राज शुक्ला को पुरस्कार में साइकिल दिया गया कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर कुमार तिवारी द्वारा किया गया कार्यक्रम में अरुण कुमार द्विवेदी भारत लाल शर्मा श्रीमती माया तिवारी पंकज कुमार संतोष सिंह यादव राजेश अस्थाना करुणेश कुमार तिवारी स्वतंत्र श्रीवास्तव संजय कुमार चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

### बच्चों ने एकत्रित किया कलश और निकाला तिरंगा यात्रा




**तिल्हापुरमोड़ कौशांबी।** प्राथमिक उच्च विद्यालय पेरई तिल्हापुर मोड बिकास खंड नेवादा में आजादी के 75वें अमृत कलश महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत गांव की मिट्टी को समस्त बच्चों द्वारा कलश में इकट्ठा किया गया तत्पश्चात मेरी माटी मेरा देश गीत कराया गया उसके बाद पंच प्राण की शपथ दिलाई गई और वीर शहीदों को याद करते हुए राष्ट्रगान कराया गया फिर बच्चों के द्वारा तिरंगा यात्रा निकल गया कार्यक्रम के आयोजन में सत्यवती देवी प्रधानाध्यापक, हरिओम सिंह, चक्रपाणि मिश्रा, मनु शर्मा विजेयता कनौजिया प्रतिमा कुमारी, हिमाद्री पाण्डेय, प्रियंका जायसवाल, शालू देवी ,आदि मौजूद रहे।

### महेश्वरी प्रसाद इंटर कालेज में निकाली गई रैली



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के महेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज आलमचन्द में मेरी माटी मेरा देश अमृत महोत्सव के अंतर्गत डीजे बाजा के साथ विशाल रैली का आयोजन किया गया है स्कूली बच्चे हाथ में झंडा लेकर प्रभात फेरी रैली में शामिल हुए और मेरी माटी मेरा देश का नारा लगाते रहे मेरी मेरी मेरा देश शहीदों के नाम पर उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने कहा कि भारत देश को विकसित देश बनाएंगे गुलामी की मानसिकता को जड़ से निकाल फेकेंगे देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे एकता और एकजुटता के लिए कर्तव्य बध्द रहेंगे नागरिक के कर्तव्य निभाएंगे देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे भारत को 2047 में विकसित देश बनाने का सपना साकार करेंगे इस मौके पर प्रधानाचार्य जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव व अध्यापक बृजेश चंद्र श्रीवास्तव प्रवक्ता राजेंद्र कुमार यादव सहध्यपक गोपालकृष्ण मिश्र, नृपेंद्र कुमार सिंह,प्रेमचंद, उदयशंकर साहू, श्रीमती नूतन, विपिन कुमार, दिनेश सिंह, अशोक कुमार पाल, दिनेश कुमार, श्रीमती शारदा देवी, रश्मि त्रिपाठी, सुभाषचंद्र प्रजापति, धीरेंद्र कुमार उपाध्याय,, नीरज कुमार, महेंद्र कुमार, श्रीमती कंचन मौर्या, राममूरत सिंह पाल, , मनोज कुमार, धर्म वीर श्रीमती ज्योत्री सिंह व स्कूली छात्र छात्राओं के अलावा संदीपन घाट थाना प्रभारी दिलीप कुमार सिंह अपने हमराहियों के साथ मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

# जीवन में संतुलन के लिए प्रकृति संरक्षण जरूरी

**विश्वभर** में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन और प्रकृति के साथ निर्मम खिलवाड़ का ही नतीजा है कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है, जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी लुप्त हो रही हैं। विश्वभर में मौसम चक्र में निरन्तर आते बदलाव और बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन के कारण पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा जीव-जंतुओं की कई प्रजातियों के अस्तित्व पर भी अब संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता परिषद, द्यइंटरगवर्नमेंटल साइंस-पॉलिसी प्लेटफॉर्म ऑन बायोडायवर्सिटी एंड इकोसिस्टम सर्विसेजद्ध (आइपीबीईएस) द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में करीब 10 लाख प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है क्योंकि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, जिससे दुनियाभर के लोगों के स्वास्थ्य और उनकी जीवन की गुणवत्ता को नुकसान पहुंच रहा है। मौसम के तेजी से बिगड़ते मिजाज का ही असर है कि इन दिनों अपेक्षाकृत ठंडे रहने वाले यूरोप और अमेरिका जैसे इलाके भी ग्लोबल वार्मिंग के कारण बुरी तरह तप रहे हैं। उत्तरी ध्रुव से लेकर यूरोप, एशिया, अफ्रीका, हर कहीं जलवायु परिवर्तन के खौफनाक दुष्परिणाम नजर आ रहे हैं। कहीं ठंडे इलाके भी भीषण गर्मी से झुलस रहे हैं तो कहीं सूखे इलाके बाढ़ से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, जंगल झुलस रहे हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि इंसानी गतिविधियों के कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन की वजह से पृथ्वी का तापमान पूर्व-औद्योगिक काल की तुलना में इस सदी के अंत तक 2.7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिससे विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी प्रजातियों के लिए 10 गुना खतरा बढ़ जाएगा। पर्यावरण के इस तेजी से बदलते दौर में भली-भांति यह समझ लेना होगा कि जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्वम्भावी है। प्रदूषित हो रहे पर्यावरण के आज जो भयावह खतरे हमारे सामने आ रहे हैं, उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो और हमें यह स्वीकार करने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए कि इन समस्याओं के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम स्वयं भी हैं। प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जल, जंगल और जमीन, जिनके बगैर प्रकृति अधूरी है और यह विड़म्बना ही है कि प्रकृति के इन तीनों ही तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि प्रकृति का संतुलन डगमगाने लगा है, जिसकी परिणति अब अक्सर भयावह प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आने लगी है। प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति, इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सबको भी अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा। प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर दुनियाभर में जो छेड़छाड़ हो रही है, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय में भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। पर्यावरण संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है।

# सदन में मर्यादाओं का ध्यान रखना जरूरी

डॉ। कन्हैया त्रिपाठी

**भारत** की लोकतांत्रिक विरासत का जब ऐतिहासिक अवलोकन होगा तो भारतीय संसद की भी पड़ताल की जाएगी।इस क्रम में राज्य सभा और लोक सभा, सदनों का अध्ययनहोगा। दोनों की अपनी-अपनी विशेषताएं हैं।स्वतंत्रभारत के गौरवशाली 75 वर्ष बीत चुके हैं और अब तक इन दोनों सदनों में भारत के कोने-कोने से अद्भुत हस्तियाँ सदन की गरिमा को बढ़ायी हैं। ऐसेअनेक नाम वप्रतिष्ठितसांसदहैं जिन्होंने सदन में यशकमाया है, उनका नाम बहुत ही आदर से भारत के लोग लेते हैं। वस्तुतःकिसी भी सदन की गरिमा सांसदों के व्यवहत आचरण से बढ़ती और घटती है। यह सांसदों को तय करना होता है कि हमें अपनी छवि किस प्रकार की सबके समक्ष ले जानी है। देश की सर्वोच्च पंचायत के लिए जानी जानी वाली भारतीय संसदीय प्रणाली में लोकसभा और राज्यसभा की ओर भारत और पूरी दुनिया की दृष्टि होती है। भारत की आमजनता भले ही सब कुछ से अवगत न हो। वह अपने जीवन के बहुतेरे पल लोक सभा और राज्य सभा की शोर व निर्णय से बिना प्रभावित किए काट लिया हो लेकिन किसी भी लोकतांत्रिक राज्य में इन दोनों सदनों की बहसों, परिचचाओं, प्रस्तावों और अनुमादानों का फर्क देश के हर व्यक्ति पर पड़ता है। ऐसे में, हमारे संसद की भूमिका बहुत अहम् है। दोनों सदनों में चुने और नामित सदस्यों के कार्यव्यवहार, प्रस्ताव, प्रश्न, आचरण, परिचर्चा, बहस और अनुमोदन, पक्ष-प्रतिपक्ष में सुझाये गए तर्क और सरकार के साथ, सरकार के लिए, सरकार के बाद देशहित के लिए रखे गए विचारों का आंकलन कभी न कभी होता है।आप किस पार्टी में थे, किस विचारधारा से थे।आप किस संस्कृति और भाषा के साथ थे, यहमूल्यवान आपके समय में होता है। लेकिन जब समय आगे निकल जाता है तो लोग इसे आंकलित करने की अपेक्षा इस चीज का आंकलन करते हैं कि आपके लिए देश कितना महत्वपूर्ण था। आप देशहित में कितने थे। आपके भीतर की आत्मा ने आपको अपनेदेश हित के लिए जब खड़ा होने के लिए बार-बार पुकारा तो आप आत्मा की भी न सुनकर अपने हित की सुनते रहे तो आपको आपके बाद की पीढ़ियाँ कदाचित



वह महत्त्व नहीं दें, जिसकी आप जीवन भर अपेक्षा करते रहे। भारत की संसद में इसलिए जो चयनित होकर या नामित होकर सदन की गरिमा बढ़ाने के लिए सौभाग्य प्राप्त करते हैं, उन्हें सतर्क रहना चाहिए। उन्हें अपने आचार-व्यव्हार और अपनी जिम्मेदारी के साथ जीने की आदत तो होनी ही चाहिए। वैसे भी भारत की दोनों सदनों में कितने दागदार पहुँच रहे हैं, इसकी चर्चा भारत में होती है और मामला जहाँ का तहाँ रह जाता है। देश की चुनाव में शामिल होने वाली पार्टियों में ऐसा साहस ही नहीं बचा है कि वे यह कह सकें कि हमें किसी भी तरह के दागदार हमारी पार्टी के लिए स्वीकार नहीं हैं, जो अच्छी छवि के हैं, वे ही हमारे पार्टी में सम्मिलित होकर देश की सेवा के लिए हमारे साथ आएं। यह मामला इसलिए पार्टियोंके नैतिक साहस का भी है। पार्टियों के देश हित में सोच का इससे खुलासा हो जाता है। यदि वे देश हित चाहतीं तो शायद ऐसा करतीं। उनके एजेंडे में यह शर्त शामिल होती। सदन में सांकेतिक आचरण भी मायने रखते हैं। प्रायः मनुष्य अनेक बात सांकेतिक ही प्रकट करता है। शब्दों के अभाव में, अपनी बात को गंभीर बनाने के लिए, अपनी बात को सशक्त तरीके से पेश करने के लिए वह सांकेतिक भाषाओँ का प्रयोग करता है।यदा-कदा इन सांकेतिक भाषाओँ में कुछ ऐसे भी सांकेतिक अभिव्यंजनाओं का प्रकट होना जो अवांछित हैं या किसी को दुखी कर देने वाली हैं, वेअभिव्यंजनाएं व्यक्ति परभारी पड़ती हैं। भले ही इसके पीछे उस व्यक्ति का कोई वैसा भाव नहीं हो, पर उसकी व्याख्याएं कुछ इस प्रकार होने लगती हैं जो कुतर्क को जन्म देती हैं। विवाद पैदा करती हैं। गतिरोध डालती हैं। गरिमा के साथ खेलती हैं। ऐसी चीजें पूरी राज्य में रह रही आबादी के ऊपर अपना असर डालती हैं जो की अवांछनीय रहीं,थीं और रहेंगी भी। पर इसके पीछे छुपी राजनीति बेवजह की बहस को जन्म देती हैं, उसका भी भुगतान जनता के हितों से होता है। सदन न चलने पर यदि इस कारण से गतिरोध होंगे तो पूरे भारत का नुकसान होगा। यह बातें जनसामान्य रूप से लोग समझने की कोशिश भी नहीं करते कि हम किसकी कीमत पर ऐसे बेवजह की बहस में फंसे जा रहे हैं।

आमजनता को संबोधित करते हुए प्रायः लोग अपनी मयार्दाओं को लांघ जाते हैं। वे अपने चुनावी हित या अपनी सोच के मुताबिक हित के लिए अपनी मयार्दाओं को लांघते हैं। अब सदन में ऐसा हो रहा है। राहुल गाँधी के फ़्लाइंग किस को लेकर उपजे सवाल और इसके बाद उठे शोर अब इस ओर हमारा ध्यान खींच रहे हैं कि सदन में मयार्दाओं का ध्यान रखना जरूरी है। विगत बार राहुल गाँधी के आँख मारने पर बहस तेज हुई थी। अब उनके फ़्लाइंग किस पर बवाल हो रहा है। अब राहुल गांधी के इस अवांछित सांकेतिक भाषा में कहने की कोशिश हमें सचेत कर रहे हैं कि संसद में सांसद गरिमा के अनुकूल आचरण बरतें। उनके होने, दिखने, कहनेऔर प्रकट करने पर देश भर की निगाहें हैं। संवेदनशील जन की निगाहें हैं।किसी बात के क्या मायने निकले जायेंगे और किसी बात के क्या असर होंगे, यह कोई नहीं जानता इसलिए हमारे कोड ऑफ कंडक्ट पर भी अब सचेत होने की आवश्यकता है। लोक सभा और राज्य सभा के सदस्यों को कुछ ज्यादा ही अब ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रदेशों में भी जो विधानसभा और विधान परिषद् की गरिमा को के अभिवृद्धिकर्ता हैं, आपसेसीखते हैं।उन सदनों के माननीय चयनित या नामित सदस्य आपको फॉलो करते हैं, तो संसद के सदस्यों को अपने हर दृष्टिकोण से आचार-व्यवहार में मयार्दा दिखाना, आज अच्छे सांसद के लिए जरूरी हो गया है।अब तक बातें होती थीं कि संसद में अपराधी न जाएँ। अपराध और भ्रष्टाचार से जुड़े लोग इसमें कैसे शामिल कर लिए जा रहे हैं? अब मामला केवल वहीँ तक नहीं है। अब सभी सांसदों को यह ध्यान देना जरूरी सा हो गया है कि हम अपनी मयार्दा को अपनी सामाजिकी में प्रकट करें साथ ही सदन में भी हमारे व्यवहार इस प्रकार हों, जो लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनें। सांकेतिक भाषाओँ का भी सहयोग लेने पर यह बार-बार सोचें कि इसके क्या अर्थ हैं और यह कहीं किसी के लिए पीड़ादायी तो नहीं बनने वाली है। सबसे अहम् बात यह है कि हमारे देश की दोनों सदनों को अपनी प्रतिष्ठा से भरना है न कि मजाक से। भारतीय इतिहास में हमारी सदनों में शामिल लोगों के आचरण इसलिए बहुत ही मायने रखते हैं। कल सत्ता में कोई था, आज सत्ता में कोई है, कल सत्ता में कोई और शामिल होगा लेकिन सबसे पहले भारतीय अस्मिता और पहचान को गरिमा प्रदान करने के लिए यदि हमारे नेतृत्वकर्ता सोचेंगे तो ऐसी नौबत आयेगी ही नहीं जिस पर हम शर्मिंदित हों।

स्मरण यह रखना आज आवश्यक है कि देश-काल-परिस्थितियां बदलेंगी। युग बदलेगा। सभ्यताएं भी करवट लेंगी। लेंकिन सबका अपना समय इतिहास में अंकित हो रहा है। समय सबके सच को उजागर करता है। समय रहते मर्यादित होने का स्वांग न करके मर्यादित होने में ही इसलिए भलाई है, नहीं तो पीढ़ियां हमारे इस आचरण पर हँसेंगी।

**लेखक भारत गणराज्य के महामहिम राष्ट्रपति जी के विशेष कार्य अधिकारी-ओएसडी रहचुके हैं। आप केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर और अहिंसा आयोग और अहिंसक सभ्यता के पैरोकार हैं।**

# बढती महंगाई पर बुलडोजर कब चलेगा?

अशोक भाटिया

**इस** समय देश में हर तरफ बुलडोजर कि चर्चा है। कहीं बुलडोजर अतिक्रमण पर चल रहा है और कहीं पर राजनीतिक द्वेष के कारण ।आज तो बाबा रामदेव ने योग द्वारा बिमारियों पर बुलडोजर चलाने की बात की । यह सब देख सुन कर जनता के मन में भी विचार आता है कि आखिर यह बुलडोजर बढती महंगाई पर कब चलाना शुरू होगा । हालाकि पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस का दाम भले ही कुछ समय से स्थिर है, लेकिन इसका असर अन्य सामान पर सीधे पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमत ने आम लोगों के घरेलू बजट को बिगाड़ दिया है। हाल में बढ़ती महंगाई से आम और खास हर को परेशान होने लगे हैं। लगातार महंगाई के आंकड़े चिंता बढ़ा रहे हैं। थोक और खुदरा महंगाई भी जिस उच्चतम स्तर पर है उससे लगता नहीं कि आने वाले दिनों में कोई राहत मिलेगी। आशंकाएं गहरी हो रही हैं कि आने वाले दिनों में महंगाई कहीं पिछले रिकार्ड न ध्वस्त कर दे। लम्बे समय से महंगाई का दो अंकों में बने रहना हालात की गम्भीरता को दिखाता है। आंकड़ों का अब कोई मतलब नहीं रह गया है। इसका असर तो रोजाना की जिन्दगी पर साफ दिख रहा है। यह सही है कि महंगाई का सबसे बड़ा कारण उत्पादन लागत का बढ़ना भी है। क्योंकि कच्चा माल महंगा हो रहा है और इसके अलावा बिजली और परिवहन लागत के बढ़ जाने से कारखानों, फैक्ट्रियों से सामान महंगा होकर ही बाहर आ रहा है और इन सबका बोझ आखिरकार उपभोक्ता पर ही पड़ता है। अभी तक महंगाई का कारण कोरोना महामारी के कारण अर्थव्यवस्था में मंदी विकास दर में कमी और लोगों के पास पैसा नहीं होना जैसे कारण बने हुए थे लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के एक साल के ऊपर तक चलने के कारण और मुसीबत खड़ी कर दी है। अब एक और नई मुसीबत का सामना हमें करना पड़ेगा। जंग के कारण रिफाइंड, सोया और सनफ्लावर ऑयल की कीमतों में पहले से ही बढ़ौतरी हो रही थी। अब खबर यह है कि इंडोनेशिया ने पाम ऑयल का निर्यात बंद करने का फैसला कर लिया है। इंडोनेशिया पाम आयल का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है लेकिन पिछले कुछ समय से वह भी पाम आयल की कमी से जूझ रहा है और वहां कारोबार से जुड़े लोगों ने सरकार को इसके शिपमैंट पर मूल्य नियंत्रण और कुछ प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। पाम आयल उत्पादन में इंडोनेशिया बहुत बड़ा खिलाड़ी है। उसके यहां पाम के कुल वैश्विक उत्पादन का 60 फीदी उत्पादन होता है और यह आंकड़ा दूसरे सबसे बड़े उत्पादक मलेशिया से कई गुणा ज्यादा है। मार्च 2021 और मार्च 2022 के बीच इंडोनेशिया ने ब्रांडेड कुकिंग आयल की घरेलू कीमतों में 14000 इंडोनेशियाई रुपए (आईडीआर) से 22000 आईडीआर प्रति लीटर तक बढ़ौतरी देखी गई। इंडोनेशिया के पाम आयल संकट के पीछे तीन बड़े कारण हैं। रूस-यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद सनफ्लावर रिफाइंड आयल और सोयाबीन आयल की कमी हुई तो लोगों ने पाम आयल का इस्तेमाल शुरू कर दिया। युद्ध हो, जलवायु परिवर्तन हो या फिर अन्य प्राकृतिक आपदाएं समय-समय पर आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना ही पड़ता है। इस समय वैश्विक परिस्थितियां कुछ इस तरह की हैं कि हमारे चाहने न चाहने से कुछ नहीं होगा, बल्कि हमें विषम परिस्थितियों का सामना करना ही पड़ेगा। महंगाई के आंकड़े चिंता बढ़ा रहे हैं। थोक और खुदरा महंगाई भी जिस उच्चतम स्तर पर है उससे लगता नहीं कि आने वाले दिनों में कोई राहत मिलेगी। आशंकाएं गहरी हो रही हैं कि आने वाले दिनों में महंगाई कहीं पिछले रिकार्ड न ध्वस्त कर दे। लम्बे समय से महंगाई का दो अंकों में बने रहना हालात की गम्भीरता को दिखाता है।

महज एक साल पहले तक जो आटा 25 से 28 रुपये किलो मिल रहा था, वह अब 35 से 50 रुपये तक मिल रहा है। मेट्रों सिटीज में कई जगह रेट 50 को भी पार कर गए हैं। मीडियम क्वालिटी का चावल भी 40 से 48 रुपये पर जा पहुंचा है। बढ़ती महंगाई निम्न आय वर्ग के लोगों (आम आदमी) की आर्थिक कमर तोड़ने लगी है अब इसकी मार डीजल पेट्रोल और रसोई गैस को छूते हुए, अब जनता की थाली तक पहुंच गई है। आलम यह है कि दालों-सब्जियों और मसालों के बाद अब आटा भी गीला हो गया है। मेट्रों सिटीज की बात करें तो आटा करीब 40 फीसदी मंहगा हो गया है, जबकि चावल के दामों में 20 प्रतिशत का तगड़ा उछाल है। इससे थाली की रोटी तो महंगी हुई ही, साथ में आटे से बनने वाली दूसरी चीजों बिस्कुट, ब्रेड वगैरह भी महंगी हो गई है या फिर उनके साइज छोटे हो जा रहे हैं।

ऐसे में गरीब को छोड़िए, नौकरीपेशा लोगों तक का कहना है कि सारी सैलरी ही अब राशन, दूध, सब्जी और सिलेंडर पर खर्च हो जाती है। मकान का किराया, बिजली-पानी बिल या बच्चों की स्कूल फीस अलग है। 2016 में 10-20 हजार के वेतन में पूरा घर आसानी से चल जाता था, ऐसे लोगों को इतनी रकम से किचन चलाना भी मुश्किल हो रहा है। वर्तमान में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम स्थिर हैं। फिर भी दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी होती जा रही हैं। बीते पांच साल में रसोई का बजट दोगुना हो गया है। लेकिन लोगों की आय में इजाफा नहीं हुआ है। निम्न मध्यम वर्ग में तो ज्यादातर की आय उल्टे घट गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी के दुकानदारों का दावा है कि पिछले तीन महीनों में दाल, चावल और आटे की कीमतें भी 30 से 40 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तुअर दाल फिलहाल 180 से 190 रुपये प्रति किलो है। एक माह पहले यह 150 से 160 रुपये किलो बिक रही थी। अरहर दाल जो 150 रुपये प्रति किलो थी, अब 190 रुपये प्रति किलो बिक रही चना दाल वर्तमान में 190 रुपये प्रति किलोग्राम पर उपलब्ध है और तीन महीने पहले यह 150 रुपये प्रति किलोग्राम पर भी उपलब्ध थी। मसालों में जीरे की कीमत में सबसे ज्यादा 40 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जीरा तीन महीने पहले 45 रुपये का 100 ग्राम बिक रहा था, अब दोगुना होकर 90 रुपये का हो गया है।

# जो लाते हैं उदास चेहरों पर मुस्कान

आर.के. सिन्हा

**मणिपुर से** लेकर मेवात तक से हिंसा और अशांति की खबरों के बीच एक उम्मीद अवश्य जागती है कि हमारे यहां किसी कारण से कष्ट में आ गए लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाले फरिश्तों की भी कोई कमी नहीं है। बाढ़, भूकंप या किसी महामारी के समय कुछ फरिश्ते उम्मीद बनकर सामने आ ही जाते हैं। मेवात में दंगा भड़काने वालों के खिलाफ तो कड़ी कार्रवाई करनी ही होगी, पर दंगों की चपेट में आए लोगों के इलाज और भोजन की व्यवस्था करने में राजधानी के शहीद भगत सिंह सेवा दल, दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी समेत कई सामाजिक संस्थानों के वालंटियर सामने आए। उन्होंने दंगा प्रभावित लोगों को भोजन से लेकर दवाइयां तक उपलब्ध करवाईं। याद रखिए, यह जो समाज सेवा का जज्बा है, ये सब में तो नहीं होता। समाज सेवा में कोई धन तो नहीं मिलता। बल्कि, घर से ही जाता है पर इंसान अपने को भीड़ से अलग तो कर ही लेता है।

देश प्रेम की भावना से ओत-प्रोत फिल्में बनाने निमार्ता, निर्देशक और एक्टर मनोज कुमार कभी-कभी सुनाते हैं कि किस तरह जब उनका परिवार देश विभाजन के बाद बुरी स्थिति में दिल्ली आया तो सेंट स्टीफंस अस्पताल के डाक्टरों ने उनके परिवार के बुजुर्ग सदस्यों का पूरे मन से इलाज किया और उन्हें सेहतमंद किया। सेंट स्टीफंस अस्पताल को उसी दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था जिससे गांधीजी के परम सहयोगी दीनबंधु सीएफ एंड्यूज जुड़े हुए थे। प्रोटेस्टेंट ईसाइयों की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी का लक्ष्य धर्मांतरण कभी नहीं रहा। धर्मांतरण ज्यादातर कैथोलिक मिशनरी करवाते हैं। बहरहाल, देश के 1947 में विभाजन के बाद बड़ी संख्या में शरणार्थी दिल्ली आए तो उन्हें हर तरह की मदद दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने दी। अपने परिसर में शरणार्थी हिंदुओं और सिखों को छत दी। हाल ही में दिल्ली में बाढ़ आई तब भी इसके वालंटियर बाढ़ प्रभावित परिवारों को भोजन और दवा बांटते रहे।

मैं पिछले दिनों आगरा में गया था। वहां पर रोटरी क्लब के कुछ सदस्यों से मिला। जानकार बहुत संतोष हुआ कि वे आगरा और आसपास के नौजवानों को वोकेशनल ट्रेनिंग दिलवाने के साथ-साथ लड़कियों को साइकिलें भी दे रहे हैं ताकि वे आराम से अपने स्कूलों में आ-जा सकें। इसके अलावा वे रक्तदान शिविर आयोजित करते है। यकीन मानिए कि मुझे रोटरी क्लब के मेंबर्स के बीच में जाकर गर्व होता है। सारे संसार में रोटरी क्लब के सदस्य सोशल सर्विस में बढ़-चढ़कर एक्टिव हैं। ये सिलसिला बीते कई दशकों से चल रहा है। रोटरी क्लब में बिजनेस की दुनिया से संबंध रखने वालों की भरमार है। ये मुख्य रूप से दो तरह के काम कर रहे हैं। पहला, ये नौकरी के अवसर पैदा कर रहे हैं। दूसरा, यह किसी दुखी इंसान के चेहरे में मुस्कान लाने की कोशिश करते हैं। सच में, मैं तो इन्हें ईश्वर का दूत ही मानता हूं। वर्ना आज के दिन कौन किसके आंसू पोंछता है।

# आत्मनिर्भर भारत अभियान से घबराया कम्युनिस्ट चीन

भूपेन्द्र भारतीय

**आत्मनिर्भर** भारत अभियान से चीन की घबराहट बढ़ गई है। वह भारत के खिलाफ कभी सीमा पार से घुसपैठ व मुठभेड़ की कोशिश करता है तो कभी अवैध हथियारों से भारत की आंतरिक सुरक्षा व शांति को भंग करनी की कोशिश करता है। इस सप्ताह ही मीडिया में आई खबरों से पता चला कि कम्युनिस्ट चीन भारत के एक तथाकथित मीडिया संस्थान को भारत के खिलाफ गलत विमर्श व झूठी खबरें चलाने के लिए फंडिंग कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता व भारत के आर्थिक रुप से शक्तिशाली बनने से वह घबरा गया है। इसलिए सीधे किसी मोर्चे पर भारत से प्रतियोगिता करने के बजाय वह एक बार फिर छद्म लड़ाई पर आ चुका है जो कि कम्युनिस्ट चीन की इसके गठन के समय से नियति रही है। आर्थिक आंकड़ों की बात करे तो भारत के कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी 2020-21 में 16 ।5 फीसदी से गिरकर 2021-22 में 15 ।4 फीसदी पर पहुंच गई है। भारत में चीन से आयात होने वाली मुख्य चीजों को टेलीकॉम और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में मांग को पूरा करने के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है लेकिन अब भारत आत्मनिर्भर अभियान के तहत इन क्षेत्रों में भी आत्मनिर्भर बन रहा है।

आत्मनिर्भर भारत अभियान वहीं है जो स्वदेशी जागरण मंच पिछले 30 वर्षों से कहता आ रहा है। इसके तहत भारत को आर्थिक रूप से स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाना है। भारत अपने ग्राहकों के लिए ज्यादा से ज्यादा वस्तुओं का स्वयं निर्माण करें। यह विचार हर जगह गूंज रहा है, दुनिया भर के देश यह महसूस कर रहे हैं कि आत्मनिर्भरता, या कहें कि आत्मनिर्भरता ही सबसे अच्छी नीति है। भारत के इस महत्वपूर्ण अभियान से चीन विभिन्न मोर्चों पर हारकर सबसे बड़ा नुकसान उठाने वाला है। पहला, मांग पर, क्योंकि इससे बहुत से ऑर्डर रद्द होना तय है। दूसरा, विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों को उनकी धरती से स्थानांतरित करके। और अंत में, यह 65 से अधिक देशों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को खोने जा रहा है जो चीन की बेल्ट और रोड पहल का हिस्सा थे। इस कारण भी कम्युनिस्ट चीन इस अभियान की सफलता से घबराकर मणिपुर व पूर्वोत्तर के राज्यों में हिंसा फैलाने की कोशिश में लगा हुआ है। भारत के साथ चीन के तनावपूर्ण रिश्तों का असर दोनों देशों के बीच होने वाले व्यापार पर भी दिखने लगा है। पिछले सात सालों में सिर्फ चीन से होने वाले आयात में ही कमी नहीं आई है बल्कि व्यापार घाटे में भी कमी आने लगी है। वर्ष 2016 (जनवरी-दिसंबर) में भारत ने चीन को सिर्फ 8,961 ।69 अरब डालर का निर्यात किया था। जो वर्ष 2021 (जनवरी-दिसंबर) में बढ़कर 19,996 ।56 अरब डालर हो गया। विदेश व्यापार विशेषज्ञों के मुताबिक आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत उन सभी क्षेत्रों में उत्पादन के प्रयास शुरू हो गए हैं जिन क्षेत्रों में भारत पूरी तरह से आयात पर निर्भर करता था। इस काम में तेजी के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड स्कीम व अन्य प्रोत्साहन स्कीम की शुरूआत की गई। जानकारों का मानना है कि अगले दो-तीन सालों में इन प्रयासों का असर दिखने लगेगा और चीन से आयात में और कमी आएगी। इससे भारत चीन से आर्थिक मोर्चे पर भी आगे बढ़ रहा है जो कि कम्युनिस्ट चीन की चिंता का बड़ा कारण हो गया है। चीन और भारत के बीच अत्यंत व्यापार असंतुलन है, इस व्यापार में चीन ज्यादा मुनाफा कमाता है। चीन जितना माल हमें बेंचता है, उससे कम ही माल हम उसे बेच पाते है। दूसरी ओर भारत विश्व का सबसे बड़ा बाजार है। भारत के साथ किसी भी प्रकार का व्यापारिक भेदभाव किसी देश की कमर तोड़ सकता है। चीन की निरंकुश आर्थिक नीति से विश्व का भी मोहभंग हो गया है। एप्पल समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के भारत आने से अब देश, विश्व का कारखाना बन रहा है।

ऊपर से भारतीयों की आत्मनिर्भरता और चीनी सामानों के बहिष्कार की नीति ने चीनी अर्थव्यवस्था की नींव हिला दी है। विगत दिनों ग्लोबल टाइम्स की ऐसी ही एक रिपोर्ट चीन की इसी छटपटाहट को प्रदर्शित करती है। विगत दिनों गुजरात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेमीकॉन इंडिया 2023 समिट में जो तस्वीर दिखाई, उसने पुख्ता कर दिया कि भारत तेज गति से सेमीकंडक्टर निमार्ता बनने की दिशा में बढ़ रहा है। इस तस्वीर ने कम्युनिस्ट चीन के होश हवा कर दिए। भारत की तरक्की से जलने वाले देशों में चीन सबसे ऊपर है। चीन की ओर से भारत के सेमीकंडक्टर मिशन को रोकने की भरपूर कोशिश भी हो रही है। भारत और चीन के बीच की प्रतिद्वंदता किसी से छिपी नहीं है। चीन लगातार कोशिश कर रहा है कि भारत के इस मिशन को रोक दें। चीन के खिसियाहट का नतीजा है कि उसने सेमीकंडक्टर निर्माण में इस्तेमाल होने वाले दो प्रमुख तत्वों गैलियम और जर्मेनियम के निर्यात पर रोक लगा दिया है। लेकिन भारत पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। सेमीकंडक्टर का महत्व इस बात से है कि इसे नए जमाने का 'ऑयल' माना जाता है। मोबाइल, रेडियो, टीवी, वॉशिंग मशीन, कार, फ्रिज, एसी, एटीएम कार्ड।।।।आदि आज के जमाने में कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ऐसा नहीं है, जहां सेमीकंडक्टर का इस्तेमाल नही होता हो। इसे इलेक्ट्रॉनिक प्रॉडक्ट्स का दिल माना जाता है।सेमीकंडक्टर रोजमर्रा की ज़िंदगी की हिस्सा बन चुका है । इसकी कमी होने से दुनियाभर में खलबली मच जाती है। सेमीकंडक्टर, कंडक्टर और नॉन-कंडक्टर या इंसुलेटर्स के बीच की कड़ी है। इसे नए जमाने का ऑयल कहा जा रहा है। सेमीकंडक्टर की दिशा में भारत जितनी तेजी से बढ़ रहा है, चीन के पेट में उतना ही दर्द बढ़ता जा रहा है। दरअसल अभी तक दुनियाभर के देश सेमीकंडक्टर के लिए चीन का दरवाजा खटखटाते थे, लेकिन अब वो कंपनियां भारत की ओर देख रही है। वहीं चीन का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर भी डूब रहा है, वहां लोग बेरोजगार हो रहे हैं। अगर चिप मेकिंग कंपनियां भी हाथ से निकल गई तो चीन की अर्थव्यवस्था को ओर गहरा झटका लगेगा। मौजूदा वक्त में भारत का सेमिकॉन मार्केट 23 बिलियन डॉलर का है। साल 2028 तक यह 80 बिलियन से 100 बिलियन डॉलर का हो जाएगा। भारत के इस मिशन से चीन पर हमारी निर्भरता कम होगी। भारत सिर्फ अपनी जरूरत के लिए नहीं बल्कि निर्यात के लिए भी सक्षम बन सकेगा। अभी चिप और डिस्प्ले फैब्रिकेशन में चीन का दबदबा है। चीन, हॉन्गकॉन्ग, ताइवान और दक्षिण कोरिया दुनियाभर को चिप और सेमीकंडक्टर की सप्लाई करता है। अब भारत के इस प्रतियोगिता में आने से कम्युनिस्ट चीन की चिंता तो बढ़नी ही है। भारत के इसी आत्मनिर्भर अभियान की निरंतर सफलता से घबराकर चीन छद्म लड़ाई व नैरेटिव वार(विमर्श युद्ध) का सहारा ले रहा है। जिसके तहत चीन भारत की बढ़ती साख व आर्थिक विकास के खिलाफ झूठी, भ्रामक व मनगढ़ंत खबरें व मनगढ़ंत तथ्यों को चलाने के लिए "न्यूज क्लिक" जैसी ऐजेंसी को तीन सालों में करीब 38 करोड़ रुपये भारत विरोधी प्रोपेगेंडा चलाने के लिए मिलने की खबर मीडिया में आ रही है। यह पहली बार नहीं है। ऐसा कम्युनिस्ट चीन पहले भी करता रहा है। कुसुमलता केडिया अपनी पुस्तक कम्युनिस्ट चीन(अवैध अस्तित्व) में प्रमाणिक रूप से कहती है कि कम्युनिस्ट चीन के लिए यह सामान्य बात है क्योंकि कम्युनिस्ट विचारधारा व चीन का गठन ही प्रोपेगेंडा विचारधारा पर हुआ है और इसकी अधिकांश नीतियां ऐसे ही झूठ व षड्यंत्रों पर आधारित रही हैं।

# शासन की मंशानुसार किसानों को दें लाभ: डीएम

## जिलाधिकारी ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने माह जुलाई के विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा एवं जिला पर्यावरण/ वृक्षारोपण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत उपकृषि निदेशक को निर्देश दिये कि बीमा कंपनी से चेक कराकर किसानों को लाभ दिलायें।

कलेक्टेज्ट सभागार में बुधवार को देर शाम हुई बैठक में जिलाधिकारी ने धान की बुवाई में उपकृषि निदेशक से कहा कि अधिक से अधिक बुआई करायें। किसानों के बीच जाकर मक्का की खेती को तैयार करें। निराश्रित गोवंश संरक्षण बाबत मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि पशुओं को गौशालाओं में बन्द करायें। कोई भी पशु रोड में नजर न आये। रिबोर बाबत जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जिले में जारी योजना से ग्रामीणों को लाभान्वित करायें। डीसी मनरेगा को निर्देश दिये कि समय से सबका भुगतान करायें। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना बाबत कहा कि रोड पर गड्ढे नहीं होने चाहिए, तत्काल मरम्मत करायें। लोनिवि को निर्देश दिये कि विवादित भूमि को छोडकर सरकारी भूमि पर कार्य करायें। अंतर्राज्यीय/ अंतरराष्ट्रीय गेट निर्माण में लोनिवि सिडी वन को निर्देश दिये कि गेट का कार्य जल्द पूरा करायें। सैम मैंम बच्चों बाबत जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि चिन्हांकन कर बढ़ायें। पेंशन योजना बाबत जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि पात्रों व




अपात्रों का सत्यापन करायें। छात्रवृत्ति वितरण बाबत जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक एवं प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक करायें। बैठक में अटल भोजन योजना, सिंचाई, विद्युत वितरण खण्ड, झटपट पोर्टल पर शिकायतें, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, टीकाकरण, सहभागिता, एयरटैकिंग, आयुष्मान भारत कार्ड, सामुदायिक शौचालय, ऑपरेशन कायाकल्प, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, बाल विकास एवं पुष्टाहार योजना, ऑपरेशन कायाकल्प, कौशल विकास मिशन, मुख्यमंत्री खादी ग्राम रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, सरकारी देयो एवं एनपीए में वसूली आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में कहा कि पूरे प्रदेश में 35 करोड पौधरोपण के लक्ष्य की पूर्ति को 22 जुलाई को प्रदेश में एक ही दिन में 30 करोड़ तथा 15 अगस्त को एक ही दिन में पांच करोड़ पौधरोपण करायें। वृक्षारोपण लक्ष्यों के सापेक्ष 6256230 पौधे रोपित हुए हैं। 15 अगस्त को भी वृक्षारोपण होगा। सभी विभाग वृक्षारोपण के बाद ट्रैकिंग एवं फील्डिंग भी करायें। प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिये कि हर गांव में अमृत वाटिका के नाम से वृक्षारोपण करायें। परिक्रमा मार्ग पर कुछ अच्छे पौधे लगवायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, एलडीएम तुलसी राम, जीएमडीसी एसके केसरवानी आदि मौजूद रहे।

## दुष्कर्म आरोपी को चार्ज शीट दाखिल होने के 35वें दिन विशेष न्यायाधीश ने सुनाई सजा, दस वर्ष की कैद, 20 हजार रूपए जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शौच को गई लडकी को स्कूल के संकुल भवन में ले जाकर दुष्कर्म के आरोपी को घटना के दो माह के भीतर विशेष न्यायाधीश ने सजा सुनाई है। दोष सिद्ध होने पर आरोपी को दस साल की सजा समेत 20 हजार रूपए के जुमार्ना से दण्डित किया। अपराधियों के खिलाफ न्यायालयों में जारी प्रभावी पैरवी के चलते आरोप पत्र दाखिल करने के महज 35 दिन के भीतर पीडिता को न्याय मिल गया है।

गुरुवार को विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप ने बताया कि सरधुवा थाना क्षेत्र में एक ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बहन की तबियत खराब होने से वह घर से बाहर था। बाहर से लौटने पर 16 जून 2023 को बताया गया कि उसकी पुत्री दादी-बाबा के यहां गई थी। सिलाई सीखने के बाद घर से 11 जून 2023 को लडकी शौच को गई थी। रास्ते में सरधुवा थाना क्षेत्र के बरद्वारा गांव के शिवशंकर उर्फ निन्दा पुत्र बिन्दु यादव लडकी का हाथ पकडकर स्कूल के संकुल भवन ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। मारपीट करने के बाद किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर महिला उत्पीडन के मामले में पुलिस टीम ने प्रभावी पैरवी की थी। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश विनीत नरायण पाण्डेय ने गुरूवार को दोष सिद्ध होने पर आरोपी शिवशंकर उर्फ निन्दा को दस वर्ष की सजा के साथ 20 हजार रूपए के जुमार्ना से दंडित किया है।

## मारकुण्डी पुलिस ने नौ वारंटी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष मारकुण्डी अनिल कुमार की अगुवाई में दरोगा रमजानी खां की टीम ने फारेस्ट एक्ट व वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के नौ वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

गुरुवार को मारकुण्डी थाना पुलिस ने वारंटी इन्दा कोल पुत्र वीरन, श्यामलाल कोल पुत्र रामदेव, राममिलन कोल पुत्र कल्लू, हेमराज पुत्र प्रताप कोल, सुभाष कोल पुत्र छबिलाल, हरछठिया कोल पुत्र चन्द्रपाल, विजय कोल पुत्र रमेशर, गंगा चमार पुत्र कल्लू, जोगराज यादव पुत्र गनेश निवासी जारोमाफी को गिरफ्तार किया।

टीम में दरोगा रमजानी खां, सिपाही प्रमोद कुमार, शिवलाल, मृत्युंजय पाण्डेय शामिल रहे।

## पांच दिन के अन्दर गांवों को दें स्वच्छ पानी, डीएम ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जल जीवन मिशन के तहत निमार्णाधीन कार्यों बाबत बैठक में रैपुरा, सिलौटा, चांदी बांगर के इंटेकवेल, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, सीडब्ल्यूआॅर, सीएलएफ, फिल्टर हाउस पर चर्चा की।

गुरुवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जो पाइपलाइन बिछाई गई है। उससे गन्दा पानी नहीं आना चाहिए। क्लोरीन, डेजिग व सैम्पलिंग कराकर आपूर्ति करायें। ये कार्य पांच दिन के अंदर होना चाहिए। किसी भी गांव से शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने रैपुरा इंटकबेल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में क्लोरिनेशन, एल एम डोजी की बाबत कहा कि 16 अगस्त तक निरीक्षण किया जाएगा। अपूर्ण होने पर पेनाल्टी लगाई जाएगी।

सिलौटा में इनटेकवेल के कार्य के बारे में जानकारी ली। एलएनटी प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिये कि रेगुलर पानी दिया जाना चाहिए। जितनी ग्राम पंचायतें जल जीवन मिशन में आ रही हैं, राशन कार्ड धारक हैं, उन्हें भी कनेक्शन दें। नल की ऊंचाई अधिक नहीं होनी चाहिए व घर के बाहर ही टोटी लगायें। आंगनबाड़ी सेंटर, स्कूल, स्वयंसेवी संस्थाओं में भी कनेक्शन करायें। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची सीडीपीओ के जरिये प्रोजेक्ट मैनेजर को भेजें। अधिशासी अभियंता जल निगम से कहा कि जो टीम बनाई है, वे गांव में जाए। हर घर का प्रमाणीकरण हो रहा है, उसे करायें। सभी जेई को निर्देश दिया कि फील्ड में जाकर फोटो ग्रुप में डालें। इस मौके पर एडीएम नमामि गंगे सुनंदन सुधाकरन, जल निगम एक्सईएन संजय कुमार, एलएनटी प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## 30 क्वार्टर शराब समेत एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा राजेश कुमार राय की टीम ने अभिषेक त्रिपाठी पुत्र रमेश त्रिपाठी निवासी ब्यौहरा के कब्जे से 30 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## गांजा तस्कर को एक वर्ष की सजा व दस हजार रुपये जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस महानिदेशक के जारी आपरेशन कनविक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश के अनुपालन में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी व पैरोकार अमरेन्द्र प्रताप सिंह की पैरवी से गांजा तस्करी के आरोपी को एक वर्ष की सजा व दस हजार रुपये जुमार्ना से दंडित किया है।

गुरुवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस के नतीजतन न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश/एफटीसी (न्यू) सुशील कुमार वर्मा ने कोतवाली कर्वी में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के आरोपी शिवा उर्फ वीरेन्द्र उर्फ विपिन धुरिया पुत्र रामस्वरुप निवासी छाबी तालाब बलखण्डी नाका बांदा हाल मुकाम पसियौडा कर्वी को एक वर्ष की सजा व दस हजार रुपए के जुमार्ना से दण्डित किया।

उल्लेखनीय है कि 14 जुलाई 2010 को कोतवाली कर्वी के दरोगा लक्ष्मण मिश्रा ने शिवा को तीन किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्जकर विवेचक राममूरत सिंह ने आरोपी के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## 14 क्वार्टर शराब समेत एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी शिवरामपुर श्यामदेव सिंह की टीम ने बंटू सिंह पुत्र जशवंत सिंह निवासी गोबरिया बुजुर्ग के कब्जे से 14 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

## भरतकूप पुलिस ने भैंस चोर को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय की देखरेख में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में पुलिस ने पशु चोर को दबोचा है। उसके कब्जे से पिकअप में चोरी की एक भैंस, एक पड़िया, एक पड़वा व तमंचा-कारतूस बरामद किये हैं।

गुरुवार को भरतकूप थाने के हरिहरपुर गांव की श्रीमती साबित्री पत्नी राजाराम ने सूचना दी कि रात में उसके घर में बंधी एक भैंस, एक पड़िया व एक पड़वा अज्ञात लोग चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना दरोगा इमरान को सौंपी। दरोगा इमरान खान ने मुखबिर की सूचना पर भरथौल के पास से अरुण कुमार सिंह पुत्र हनुमान सिंह निवासी सियारी पट्टी थाना धाता जिला फतेहपुर को लोडर यूपी/71एटी-5575 से चोरी की भैंस, पड़िया, पड़वा बरामद किया। जामा तलाशी में उसके कब्जे से एक तमंचा व कारतूस भी मिला है। पुलिस ने उचित धाराओं में उसके खिलाफ मामला दर्जकर चालान किया है। लोडर को सीज कर दिया है। टीम में दरोगा इमरान खान व सिपाही शिवम मिश्रा शामिल रहे।

## पुलिस सुरक्षा में न्यायालय आई दुष्कर्म की शिकार पीडिता

### 0 जनवादी महिला समिति ने सडक से संसद तक लडने को कहा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जनवादी महिला समिति की पहल पर मानिकपुर सामूहिक दुष्कर्म की शिकार पीडिता पुलिस सुरक्षा में न्यायालय आई। आदर्श इंटर कालेज मानिकपुर के प्रधानाचार्य राकेश सिंह चन्देल के आरोपियों की मदद करने के मामले में पीडिता के अनुसार विद्या के पवित्र स्थल पर छात्रा के साथ लैंगिक अपराध करने वालों की मदद के खिलाफ सडक से संसद तक जनवादी महिला समिति की महिलायें आवाज उठायेंगी।



गुरुवार को जनवादी महिला समिति की राज्य इकाई एवं राष्ट्रीय इकाई के संज्ञान में मामला आने पर पीडिता को न्याय दिलाने को कमर कसे हैं। पीडिता को घर में पुलिस नजरबन्द किये है। कचहरी कैम्पस में पीडिता की सुरक्षा को महिला समिति की सदस्य न्यायालय कक्ष तक ले गईं। पीडिता ने आपबीती का शपथ पत्र बनाकर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने पीडिता के आवेदन को संज्ञान में लेकर पुलिस से रिपोर्ट तलब की।

पीडिता ने बताया कि फरवरी में सवेरे 11 बजे प्रथम पाली में स्कूल चलता था। स्कूल बन्द होने के बाद 12 बजे कालेज के शिक्षक उसे बहला-फुसलाकर व धमकाकर दुष्कर्म करते थे। वीडियो बनाकर दूसरे शिक्षक साथी से तीन अध्यापकों ने तीन-चार माह तक दुष्कर्म किया। पीडिता ने बताया कि प्रधानाचार्य राकेश सिंह चन्देल को शिक्षकों की करतूत बताई तो कोई कार्यवाही की बजाय किसी अस्पताल में ले जाकर दवाई दिला देते।

पीडिता ने प्रधानाचार्य से कई बार कहा कि कोई कार्यवाही करिये। प्रधानाचार्य ने दायित्वों को पूरा न कर दुष्कर्मियों की मदद करते रहे। हिम्मत जुटाकर 25 जुलाई को मां को सब कुछ बताकर थाने में तहरीर लेकर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के मुताबिक रिपोर्ट न लिखकर थाने से भगा दिया। अगले दिन 26 जुलाई को थाने में माता-पिता को अलग बैठाकर एक कमरे में महिला पुलिस कर्मी ने खुद से तहरीर लिखकर पिता से हस्ताक्षर बनवाया और पीडिता के भी दस्तखत लिए। तहरीर में क्या लिखा है, ये पढकर नहीं सुनाया। न्यायालय में पीडिता ने प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। पुलिस प्रधानाचार्य के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करती तो जनवादी महिला समिति सडक से संसद तक आवाज उठायेगी। इस मौके पर जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष पूनम की अगुवाई में सदस्य वन्दना, राजकुमारी, फूल कुमारी, गुड्डी देवी, पियरिया, सरिता, नीलम, कलावती, ब्रहमोहनी ने आवाज बुलंद करने का दावा किया।

# जनहित के तमाम मुद्दों पर विधायक ने सरकार को घेरा

## विधायक के प्रश्न पर निजी ट्यूबवेल धारकों को मिली राहत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विधानसभा के मानसून सत्र के चैथे दिन सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा अध्यक्ष से प्रश्न पूंछा कि बुंदेलखंड के किसानों के लघु/सीमांत दायरे को बढ़ाने, प्रदेश के सभी निजी ट्यूबवेल धारक किसानों के सौ प्रतिशत विद्युत बिल माफ करने की सरकार की क्या योजना है। जवाब में ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 2023-24 के बजट में एक अप्रैल 2023 से किसानों को निजी ट्यूबवेल को सौ प्रतिशत बिल माफ करने की घोषणा की गई है।



गुरुवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने पूंछा कि सरकार किसानों के विद्युत बिल माफ करती है तो ये बड़ी जीत होगी। बुंदेलखंड समेत उप्र के किसानों को राहत मिलेगी। सदर विधायक अनिल प्रधान के पूंछे प्रश्न उप्र में अध्यनरत छात्र/छात्राओं व प्रदेश से बाहर संस्थाओं में अध्ययन कर रहे छात्र/छात्राओं को शुल्क प्रतिपूर्ति देने की सरकार की क्या योजना है, इस पर सरकार ने संतोष जनक जवाब नहीं दिया। आगजनी की घटनाओं में किसानों और पीड़ितों की हुई क्षति में सौ फीसदी मुआवजा देने की मांग उठाई। सदर विधायक अनिल प्रधान ने प्रश्न में कृषि मंत्री, कृषि शिक्षा मंत्री से पूंछा कि प्रदेश में कृषि स्नातकों से जुड़े सभी विभागों में जो पद रिक्त है, उन्हें कब भरा जाएगा। कृषि विश्वविद्यालयों की भर्तियों में आरक्षण का पालन हो रहा है अथवा नहीं। कृषि विभाग में लंबित भर्तियों को कब तक पूरा किया जायेगा। बुंदेलखंड के किसानों को समाजवादी सरकार की भांति बुंदेलखंड एवं प्रदेश में सूखा अथवा बाढ़ से प्रभावित लोगों को मुआवजा राशि देने, खेतों को सांडों से बचाने, सांडों के हमलों से हुई मृत्यु में आर्थिक मदद देने की सरकार से मांग की। भैसौंधा में राजकीय इंटर कॉलेज की स्थापना कराने के संबंध में विधानसभा में याचिका पेश की। विधायक अनिल प्रधान ने बताया कि नियम 301 के तहत प्रदेश के सभी जिलों में स्थापित पेट्रोल पंपों में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति टैंकर लारी से करते हैं। टैंकर लारी की डिजाइन की नियमावली में विसंगति होने एवं पेट्रोलियम पदार्थों की चोरी रोकने को सदन का ध्यान खींचा। सदन ने माना कि जल्द समस्या समाधान को कमेटी गठित की जायेगी।

विधायक अनिल प्रधान ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे में हुए भ्रष्टाचार की जांच आईआईटी कानपुर से कराने, अधूरे निर्माण कार्य के बाद भी जनता के शोषण को टोल टैक्स वसूली रोकने, एक्सप्रेस-वे में पेट्रोल पंप और फूड प्लाजा बनाने को सदन को अवगत कराया। सदन ने इसे मंजूर किया। विधायक ने चित्रकूट समेत प्रदेश की खुशहाली और बेहतरी को जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से सरकार तक पहुंचाने व हर संभव समाधान को प्रयास करते रहने का जनता को भरोसा दिया है।

# नौ सितम्बर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देश पर नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी दीपनारायण तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुयी।



गुरुवार को हुई बैठक में प्रत्येक न्यायिक अधिकारी ने राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत वादों की समीक्षा कर नोडल अधिकारी ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद चिन्हित कर निस्तारित करने की अपेक्षा की। पूरे देश में राष्ट्रीय लोक अदालत नौ सितम्बर 2023 को हो रही है। सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138, मनी वसूलीवाद, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व/चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों का निस्तारण होगा। लोक अदालत सवेरे दस बजे से दीवानी न्यायालय परिसर, प्रत्येक तहसील परिसर एवं बाह्य न्यायालय मऊ व ग्राम न्यायालय मानिकपुर में नौ सितम्बर को होगी।

बैठक में अपर जिला जज प्रथम रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत दीपनारायण तिवारी, विशेष न्यायाधीश पाक्सो विनीत नारायण पाण्डेय, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख इनाम सिद्दीकी, अपर जिला जज/ त्वरित न्यायाधीश संजय कुमार, अपर जिला जज/त्वरित न्यायाधीश न्यू सुशील कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दूबे, सिविल जज (सीडि) श्रीमती विदुषी मेहा, जूडि सुश्री सोनम गुप्ता, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री अंजलिका प्रियदर्शिनी, न्यायिक मजिस्टेट द्वितीय सुश्री संघमित्रा मौजूद रहे।

## बायोमैट्रिक हाजिरी के आदेश हवाहवाई, मनमर्जी से आते हैं सचिव




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी ब्लाक के सचिव आए दिन गायब रहते हैं। प्राइवेट लडके से विभाग के कार्य करवाते हैं।

गुरुवार को योगी सरकार के बायोमैट्रिक हाजिरी के आदेश हवाहवाई हो गये हैं। सचिव मनमानी ढंग से आते-जाते हैं। कभी ढाई बजे तो कभी तीन बजे ब्लाक में आते हैं। ऐसे लापरवाह सचिवों पर योगी सरकार का हंटर कब चलेगा। पहाड़ी ब्लाक सचिव विकास चैधरी महज सप्ताह मे एक-दो दिन ही ब्लाक पहुंचते हैं। जनता को हो रही परेशानी से सचिवों को कोई मतलब नहीं है। इटौरा गांव के भागवत प्रसाद ने कहा कि दो दिन पहले सचिव के पास आये थे। शाम तक बैठे रहने के बाद भी सचिव नहीं आये। सचिव को फोन लगाओ तो पहले फोन नहीं उठाते, साहब ने गलती से फोन उठा लिया तो हमेशा क्षेत्र में रहने का हवाला देकर फोन काट देते हैं।

इटौरा गांव के बृजेश कुमार ने बताया कि फोन उठने पर जवाब देते हैं कि उन्हें एक ही गांव नहीं मिला, तमाम गांव मिले हैं। वह किस-किस की समस्याओं को निपटायें व किस-किस के फोन उठायें। देखना है कि जनता से लापरवाही करने वाले सचिव के खिलाफ जिले मे बैठे अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं।

## खुदरा व्यापार बचाने को शानू ने की राष्ट्रीय बैठक में चर्चा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की दिल्ली में राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में अहम मुद्दों पर चर्चाकर लौटे राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने बताया कि कई प्रदेशों से राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल हुए हैं।

गुरुवार को उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने कहा कि ऑनलाइन विदेशी कंपनियों से टूटते खुदरा व्यापार, लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग के बारे में चर्चा हुई। एमएसएमई से व्यापारियों को जोड़ने को भारत के कई प्रदेशों/जिलों में बैठकें करवाने व कमेटी विस्तार सदस्यता अभियान और वाणिज्य कर तथा खाद्य विभाग से व्यापारियों को हो रही समस्याओं पर चर्चा हुई। दिसंबर में दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में विशाल व्यापारी रैली होगी। सितंबर में मप्र के बालाघाट से पूरे प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं व कई विषयों पर व्यापारी रैली होगी। व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने कहा कि एमएसएमई रोजगार पैदा करने का सबसे बड़ा क्षेत्र है। योजना को व्यापारी को समझने की जरूरत है। जितनी अधिक संख्या में व्यापारी जुड़ेंगे, उतना ही ज्यादा देश की जीडीपी बढ़ेगी। व्यापार तथा रोजगार को लाभ होगा। देश में व्यापारी राहत कोष का गठन जरूरी है। ई-कामर्स ऑनलाइन विदेशी कंपनियों की भारत में बढ़ती सक्रियता से देश का खुदरा व्यापार प्रभावित हुआ है। सरकार को एफडीआई नीति पर बदलाव करके विदेशी कंपनियों पर रोक लगानी चाहिए। इन पर 28 फीसदी जीएसटी लगायें, ताकि खुदरा व्यापार बचाया जा सके। भारत की स्वदेशी व्यापार नीति मजबूत होगी। भारत सरकार छोटे कारोबारियों को छापे से मुक्त करे। व्यापारियों के साथ किसान, मजदूरों की समस्याओं पर भी समाधान होगा।

# विदेश संदेश

## मिस यूनिवर्स इंडोनेशिया प्रतियोगिता के आयोजकों पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**जकार्ता।** मिस यूनिवर्स इंडोनेशिया प्रतियोगिता के आयोजन में हिस्सा लेने वाली छह युवतियों ने आयोजकों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि प्रतियोगिता के दौरान टॉपलेस बॉडी चेक के नाम पर आयोजकों ने उनके कपड़े उतरवाए। पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। प्रतियोगिता का आयोजन पीटी कैपेला स्वास्तिका कार्या कंपनी ने किया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस प्रतियोगिता का आयोजन 29 जुलाई से 3 अगस्त के मध्य राजधानी जकार्ता में किया गया। इसमें हिस्सा लेने वालीं छह युवतियों ने आरोप लगाया है कि आयोजकों ने उनमें से पांच को 20 से अधिक लोगों (पुरुष भी) के सामने एक कमरे में शारीरिक जांच के लिए अंतर्वस्त्र उतारने के लिए कहा और फोटोग्राफी की। मिस यूनिवर्स ऑर्गेनाइजेशन ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि उसे आरोपों से अवगत कराया गया है। इसकी जांच की जा रही है। शिकायतकर्ता युवतियों की वकील मेलिसा एंगग्रेनी ने कहा कि आयोजकों ने युवतियों से जोर देकर कहा था कि यह जांच करनी होगी कि उनके शरीर पर कोई निशान तो नहीं हैं। एक शिकायतकर्ता ने कहा है कि उसे पैर फैलाकर पोज देने को कहा गया । उस समय वह बेहद असहज महसूस कर रही थी। मिस यूनिवर्स इंडोनेशिया प्रतियोगिता की आयोजक कंपनी के संस्थापक पॉपी कैपेला ने इन आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। जकार्ता पुलिस के प्रवक्ता ट्रूनोयुडो विस्नु एंडिको ने कहा है कि छह युवतियों की शिकायत की जांच की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया में यह प्रतियोगिता 1952 से हो रही है। मिस यूनिवर्स ऑर्गेनाइजेशन का इसका संचालन करता है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन जल्द करेंगे वियतनाम का दौरा

**न्यू मैक्सिको**। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि वह जल्द ही वियतनाम की यात्रा करेंगे। वियतनाम संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संबंधों को बढ़ाना चाहता है। वह प्रमुख भागीदार



बनना चाहता है। बाइडेन ने यहां राजनीतिक धन संचयन कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मंगलवार को बाइडेन की इस घोषणा के बारे में व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने कहा कि इस समय इसके अलावा कोई और जानकारी साझा नहीं की जा सकती। अप्रैल में वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह और राज्य सचिव एंटनी ब्लिंकन ने एशिया के साथ संबंधों को गहरा करने की इच्छा व्यक्त की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मार्च में वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख गुयेन फु ट्रोंग से भी फोन पर बात की थी। उल्लेखनीय है कि वाशिंगटन और अमेरिकी रक्षा कंपनियों ने खुले तौर पर कहा है कि वे वियतनाम को सैन्य आपूर्ति बढ़ाना चाहते हैं, जो अब तक बड़े पैमाने पर तटरक्षक जहाजों और प्रशिक्षण विमानों तक ही सीमित है।

## भारतीय नागरिक पर बीमा कंपनियों को धोखा देने का आरोप, दोषी पाए जाने पर हो सकती है 10 साल की जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक भारतीय नागरिक पर यहां की एक जिला अदालत में दो बीमा कंपनियों को दो विदेशी श्रमिकों के चोट दावों से जुड़ी निपटान राशि में लगभग 77,000 एसजीडी (सिंगापुर डॉलर) वितरित करने में धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है।

पुलिस ने एक बयान में कहा कि 48 वर्षीय साहा रंजीत चंद्रा ने कथित तौर पर बीमा कंपनियों को यह विश्वास दिलाकर धोखा दिया कि वे कानूनी पेशा अधिनियम के तहत व्हाइटफील्ड लॉ कॉरपोरेशन के एक अधिकृत व्यक्ति के साथ बातचीत कर रहे हैं। इस अपराध के लिए अदालत ने मंगलवार को उन पर धोखाधड़ी के दो आरोप लगाए। बयान में कहा गया है कि अगर चंद्रा को दोषी ठहराया जाता है, तो प्रत्येक आरोप के संबंध में कारावास की सजा हो सकती है, जिसे 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

# जमीन घोटाला मामले में दो पूर्व प्रधानमंत्रियों को समन

**काठमांडू।** देश के चर्चित ललिता निवास जमीन घोटाले में नीतिगत निर्णय लेने वाले दो पूर्व प्रधानमंत्रियों को केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने पूछताछ के लिए समन भेजा है। दोनों ही नेता इस समय सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल हैं और प्रधानमंत्री प्रचण्ड के बेहद करीबी भी हैं।

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल और डॉ. बाबूराम भट्टराई को सीआईबी की तरफ से समन भेजे जाने की जानकारी पुलिस हेडक्वार्टर से दी गई है। सीआईबी प्रमुख किरण बज्राचार्य ने कहा कि बुधवार देर शाम पुलिस हेडक्वार्टर से इस बारे में लिखित निर्देश आने के बाद दो पूर्व प्रधानमंत्री सहित कुछ अन्य उच्च पदस्थ सरकारी कर्मचारियों को भी समन भेजा गया है।

सर्वोच्च अदालत ने हाल ही में आदेश देते हुए कहा था कि ललिता निवास जमीन घोटाले में आदेश मानने वाले सरकारी कर्मचारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने से काम नहीं चलेगा। अपने आदेश में कोर्ट ने इस घोटाला में सरकारी तंत्र के पिरामिड की तरह एक होकर भ्रष्टाचार किए जाने की टिप्पणी की थी। सर्वोच्च अदालत ने आदेश में कहा था कि चूंकि सरकारी स्वामित्व की जमीन को निजी व्यक्तियों और संस्थानों को देने का अन्तिम निर्णय कैबिनेट के फैसले से किया गया था। इसलिए इस प्रस्ताव को कैबिनेट में ले जाने वाले विभागीय मंत्री, मुख्य





सचिव और इस पर मुहर लगाने वाले प्रधानमंत्री ही सबसे बड़े दोषी हैं। कोर्ट ने कहा कि जांच नीचे से नहीं बल्कि ऊपर से की जाए। कोर्ट के इस फैसले के बाद कैबिनेट के निर्णय को भी जांच के दायरे में लाने का रास्ता खुल गया। कोर्ट के आदेश की प्रति मिलने के साथ ही सरकार के महान्यायाधिवक्ता और पुलिस प्रमुख की बैठक में इसके कार्यान्वयन को लेकर चर्चा हुई और फैसला देने वाले दोनों पूर्व प्रधानमंत्रियों को भी बयान के लिए बुलाने की बात तय हुई

पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल इस समय इंडोनेशिया में हैं और वहीं से फेसबुक लाइव के जरिए उन्होंने अपने आपको निर्दोष होने का दावा किया है। दिए इस वीडियो संदेश में माधव नेपाल ने कहा कि वो ललिता निवास जमीन मामले को सही तरीके से व्यवस्थित करने का प्रयास कर रहे थे। इसमें कहीं से कोई भ्रष्टाचार उनके द्वारा नहीं किया गया है।

इसी मामले में आरोपित दूसरे प्रधानमंत्री डॉ. बाबूराम भट्टराई ने तो कोर्ट के फैसले के तत्काल बाद ही अपनी प्रतिक्रिया दे दी थी। एक ट्वीट करते हुए डॉ. भट्टराई ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया था तथा जांच में हरसंभव मदद के लिए तैयार होने की बात कही थी। समन जारी होने के बाद डॉ. भट्टराई ने कहा कि वो बयान देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

सीआईबी इस जमीन घोटाले में पहले ही एक पूर्व उपप्रधानमंत्री सहित तीन मंत्रियों के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी कर उनकी तलाश कर रही है।

## नेपाल में तेज बारिश और भूस्खलन से अब तक 41 की मौत, 31 लापता

**काठमांडू।** नेपाल में इस वर्ष मॉनसून आने के बाद बारिश, बाढ और भूस्खलन की चपेट में आकर अब तक 41 लोगों की मौत हो गई है। 14 जून से शुरू हुए मॉनसून के बाद बाढ और भूस्खलन से देश के 50 जिले प्रभावित हुए हैं। इन आंकडों में 31 लोगों के लापता होने की भी खबर है।

गृह मंत्रालय के आपदा प्रबन्धन विभाग के प्रमुख महादेव पन्थी ने बताया कि भूस्खलन से अब तक 55 लोग घायल हो चुके हैं, जिनका देश के विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। पन्थी ने बताया कि बाढ और भूस्खलन से प्रभावित 50 जिलों में से 20 में मानवीय क्षति हुई है। 6 जिलों में लापता हुए 31 लोगों को ढूंढने का प्रयास अभी भी चल रहा है। हालांकि, इनमें से कुछ लोगों के जीवित बचने की संभावना बहुत ही कम बताई जा रही है। विभागीय प्रमुख पन्थी ने कहा कि संखुवासभा, ताप्लेजुंग,



पांचथर, मकवानपुर जिलों में भूस्खलन की चपेट में लोग लापता हुए हैं जबकि महोत्तरी जिले में बाढ में बहने से लोग लापता हैं। मॉनसून में हुई तेज बारिश के कारण भूस्खलन की चपेट में अब तक 130 घर पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुके हैं जबकि 93 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने इन वर्ष कम बारिश होने की संभावना जताई थी, लेकिन कुछ जिलों में भारी बारिश के कारण जान माल का नुकसान हुआ है। कुछ जिले ऐसे भी हैं, जहां बहुत ही कम बारिश हुई है।

## 24 घंटे में डेंगू से 12 मरीजों की मौत, इस वर्ष सर्वाधिक 352 लोग अबतक जान गंवा चुके हैं

**ढाका।** बांग्लादेश में डेंगू की स्थिति लगातार भयावह होती जा रही है। डेंगू से इस वर्ष अबतक सर्वाधिक 352 लोगों की मौत हो चुकी है। चिकित्सा विशेषज्ञों को अगस्त और सितंबर माह में डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी का अंदेशा है। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक गुरुवार सुबह 8 बजे तक देश में पिछले 24 घंटे में डेंगू से 12 लोगों की मौत हो गई। इस अवधि में डेंगू से पीड़ित 2,844 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) की तरफ से मुहैया कराई गई जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे में ढाका शहर में 1092 और ढाका के बाहर 1752 रोगियों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। डेंगू के नये मामलों के साथ कुल मरीजों की संख्या 75069 हो गई है। इस साल कुल मरीजों में से करीब 65 हजार को अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है।

डीजीएचएस के मुताबिक इस



साल अबतक डेंगू से 352 लोगों की मौत हुई जो साल 2000 में डेंगू का पता चलने के बाद से सबसे ज्यादा है। पिछले साल डेंगू से 281 लोगों की मौत हुई थी।


इस स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों को अंदेशा है कि अगस्त और सितंबर में यह आंकड़ा और भी खतरनाक हो सकता है। विशेषज्ञों ने संबंधित विभागों से डेंगू के खिलाफ व्यापक मुहिम शुरू किए जाने की जरूरत बताई है।

## पाकिस्तान में आधी रात को संसद भंग, प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति ने दी मंजूरी, आम चुनाव का रास्ता साफ

-जेल में बंद इमरान खान के चुनाव में हिस्सा लेने पर संशय

-मौजूदा संसद का कार्यकाल 12 अगस्त को पूरा हो रहा था

**इस्लामाबाद।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बुधवार देर रात संसद भंग किए जाने की सिफारिश पर राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने संसद को भंग कर दिया। इसके साथ ही पाकिस्तान में शहबाज शरीफ की सत्ता का अंत हो गया। पाकिस्तान में नये सिरे से चुनाव होंगे। हालांकि राजनीतिक हलचल का केंद्र बने इमरान खान के इस चुनाव में हिस्सा लेने को लेकर गहरा संशय है। देश की मौजूदा संसद का पांच



साल का कार्यकाल 12 अगस्त को पूरा हो रहा था। शहबाज शरीफ के समक्ष नये चुनाव में जाने की बाध्यता थी। अब पाकिस्तान निर्वाचन आयोग को 90 दिनों में चुनाव कराने होंगे।

इससे पहले शहबाज शरीफ ने संसद को बताया था कि वे संसद भंग करने की सिफारिश करने जा रहे हैं। साथ ही कार्यवाहक प्रधानमंत्री के चयन के लिए वे गुरुवार को विपक्षी नेताओं से बातचीत करेंगे।

2018 में हुआ पिछला चुनाव पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता इमरान खान ने जीता था और वे प्रधानमंत्री बने। लेकिन सेना के साथ तकरार के बाद 2022 में उनकी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया, जिसमें इमरान खान की सरकार गिर गई। इसके बाद भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें जेल में डाल दिया गया है। ऐसी चर्चा तेज है कि इमरान खान अगले पांच साल तक किसी भी चुनाव में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

## पाकिस्तान में गोपनीयता अधिनियम में संशोधन विधेयक पर संघीय सरकार को लाहौर हाई कोर्ट का नोटिस

**लाहौर।** लाहौर हाई कोर्ट ने आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम में किए गए हालिया संशोधनों को चुनौती देने वाली याचिका पर पाकिस्तान की संघीय सरकार को नोटिस जारी किया। संघीय सरकार ने खुफिया एजेंसियों को व्यापक अधिकार देने के लिए एक अगस्त को नेशनल असेंबली में चुपचाप आधिकारिक गोपनीयता (संशोधन) विधेयक, 2023 पारित किया था। यह विधेयक किसी भी नागरिक पर छापा मारने और हिरासत में लेने का अधिकार देता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह याचिका लाहौर निवासी मोहम्मद मुकसित सलीम ने मंगलवार को दायर की। जस्टिस शाहिद बिलाल हसन ने आज सुनवाई की। सुनवाई के दौरान जस्टिस हसन ने कहा,



पाकिस्तान हमारा घर है, देखिए हमने इसके साथ क्या किया है। अदालत ने इसके बाद संघीय सरकार और अन्य प्रतिवादियों- कानून और न्याय मंत्रालय, नेशनल असेंबली और पाकिस्तान चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया।

## उत्तर कोरिया के तानाशाह ने अपने शीर्ष जनरल को किया बर्खास्त

**सियोल।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी सेना के शीर्ष जनरल सु इल को बर्खास्त कर युद्ध की तैयारी तेज किए जाने को कहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बर्खास्त जनरल की जगह जनरल री योंग गिल को नामित किया गया है। री योंग रक्षा मंत्री हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि वे दोनों ही भूमिकाओं में रहेंगे या रक्षा मंत्री का दायित्व किसी अन्य को सौंपा जाएगा।

जानकारी के मुताबिक किम का विस्तार शामिल है।

गौरतलब है कि उत्तर कोरिया के तानाशाह ने पिछले दिनों अपने



हथियार कारखानों का दौरा किया था और अधिक से अधिक हथियार बनाए जाने की बात कही थी। इसके साथ ही अमेरिका ने उत्तर कोरिया पर रूस को यूक्रेन युद्ध के लिए हथियार मुहैया कराने का आरोप लगाया था। हालांकि रूस और उत्तर कोरिया दोनों ने इस आरोप का खंडन किया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## शरणार्थियों को इटली ले जा रही नाव पलटी, 41 लोगों की मौत

**रोम।** ट्यूनीशिया से शरणार्थियों को लेकर इटली आ रही एक नाव पलटने से 41 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा सिसिली द्वीप के पास हुआ है। इसकी पुष्टि इटली की मीडिया में किया गया है। बचाव दल द्वारा बचाए गए चार शरणार्थी गुआना और आइवरी कोस्ट के हैं। चारों को तटरक्षक दल ने हिरासत में ले रखा है। सिसिली द्वीप अफ्रीका के करीब है और इसे शरणार्थियों की तस्करी के लिए जाना जाता है।

पिछले कुछ महीनों के दौरान शरणार्थियों को ट्यूनीशिया से इटली ले जा रही कई नौकाएं दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी हैं। इटली के आंतरिक मंत्रालय के अनुसार, इस वर्ष अब तक 93,000 से अधिक शरणार्थी इटली पहुंचे हैं। इटली में सबसे ज्यादा शरणार्थी गुआना, आइवरी कोस्ट, मिस्त्र और



ट्यूनीशिया से पहुंचते हैं। इटालवी प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी की दक्षिणपंथी सरकार ने तस्करी पर रोक लगाने के अभियान में शामिल होने के लिए यूरोपीय संघ को प्रेरित किया है। इसके बाद भी बड़ी संख्या में शरणार्थी तस्करों के नावों के जरिये इटली पहुंच रहे हैं।

## इमरान खान को अटक जेल में रखने पर इस्लामाबाद हाई कोर्ट का दखल

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने तोशाखाना केस में पांच अगस्त को गिरफ्तार किए गए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अटक जेल में रखे जाने




पर दखल दिया। चीफ जस्टिस आमिर फारूक ने इमरान खान की याचिका पर सहायक महाधिवक्ता को कैदियों के स्थानांतरण का निर्धारण करने के लिए जिम्मेदार प्राधिकारी के बारे में पता लगाकर 11 अगस्त तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चीफ जस्टिस फारुख ने अधिकारियों से यह अवगत कराने को कहा है कि सत्र अदालत के निर्देशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को रावलपिंडी की अदियाला जेल के बजाय अटक जेल में रखने का आदेश किसने दिया। इमरान खान ने याचिका में अटक जेल से अदियाला जेल स्थानांतरित करने की मांग की है। साथ ही ए-क्लास सुविधाओं के साथ निजी चिकित्सक डॉ. फैसल सुल्तान से चिकित्सा जांच कराने की अनुमति मांगी है। इमरान ने अदालत से अपनी कानूनी टीम, परिवार और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों से मिलने की अनुमति देने की भी अपील की है।

चीफ जस्टिस ने कहा कि इस्लामाबाद में जेल में जगह न होने के कारण कैदियों को रावलपिंडी की अदियाला जेल में रखा जाता है। ट्रायल कोर्ट के न्यायाधीश हुमायूं दिलावर के सजा आदेश के अनुसार पीटीआई प्रमुख को रावलपिंडी की अदियाला जेल भेजा जाना था। तब यह कैसे हो गया। खान के वकील एडवोकेट शेर अफजल मारवत ने हाई कोर्ट को बताया कि सरकार के पास किसी कैदी को पंजाब की किसी भी जेल में स्थानांतरित करने की शक्ति है। इस पर चीफ जस्टिस फारूक ने टिप्पणी की- नवाज शरीफ के कोट लखपत जेल में स्थानांतरण के अनुरोध को मंजूरी दी गई थी।

## एयर इंडिया ने अपना नया लोगो 'द विस्टा' जारी किया

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइन ने नई ब्रांड पहचान और विमान के रंगरूप का अनावरण किया। एयर इंडिया ने नए लोगो का नाम 'द विस्टा' दिया है। इसे लाल और बैंगनी रंग के साथ डिजाइन किया गया है। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने गुरुवार को इसे जारी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एयर इंडिया का नया लोगो ह्यद विस्टाह्ल सोने की खिड़की के फ्रेम के शिखर से प्रेरित है, जो असीमित संभावनाओं,




प्रगतिशीलता और भविष्य के लिए साहसिक, आत्मविश्वासपूर्ण दृष्टिकोण को दशार्ता है। इस अवसर पर एयरलाइन ने अपने नए टेल डिजाइन और थीम गीत का भी खुलासा किया है। एयर इंडिया ने जारी बयान में कहा कि यात्रियों को दिसंबर 2023 से शुरू होने वाली यात्रा के दौरान नया लोगो दिखाई देना शुरू हो जाएगा। इस लोगो को एयरलाइन का पहले अ350 विमान पर प्रदर्शित किया जाएगा। एयरलाइन ने नए विमान के रंगरूप और डिजाइन में गहरे लाल, बैंगनी और सुनहले रंग की हाइलाइट्स के साथ-साथ चक्र से प्रेरित पैटर्न को शामिल किया है। उल्लेखनीय है कि टाटा समूह ने जनवरी, 2022 में घाटे में चल रही सार्वजनिक क्षेत्र की एयरलाइन एयर इंडिया का नियंत्रण सरकार से अपने हाथ में लिया था। इसके बाद से ही उसने एयरलाइन के कायाकल्प के लिए कई स्तरों पर योजनाएं बनाई हैं। इसी क्रम में एयर इंडिया ने एयरबस और बोइंग को 470 विमानों की आपूर्ति के लिए 70 डॉलर का ऑर्डर भी दिया है।